हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 04 अंक–141 : जौनपुर, शुक्रवार 22 जुलाई 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## मुख्यमंत्री योगी के तेवर को देखते हुए तबादले में शासन ने मांगी रिपोर्ट

लखनऊ ब्यूरो : लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) में तबादलों में अनियमितता की शिकायतों पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सख्त तेवर को देखते हुए गड़बड़ी दुरुस्त करने की कवायद शुरू कर दी गई है। शासन ने लोनिवि मुख्यालय को पत्र भेजकर अभियंताओं के सभी संवर्ग के तबादलों का परीक्षण करने के साथ ही स्थानांतरण नीति के उल्लंघन समेत कई बिंदु पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। पूछा है कि तबादले में किस स्तर पर गड़बड़ी हुई है? किस संवर्ग के कितने कार्मिकों का तबादला मानक के विपरीत किया गया है। गौरतलब है कि लोनिवि में तबादलों में अनियमितता के बाद सीएम के निर्देश पर विभागीय मंत्री जितिन प्रसाद के ओएसडी को हटाने के साथ ही विभागाध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता समेत पांच लोगों को निलंबित कर दिया गया है। इसके बाद जितिन ने कहा था कि तबादले का परीक्षण कराया जाएगा। जरूरी हुआ तो गड़बड़ी दुरुस्त करने के साथ तबादले निरस्त भी किए जाएंगे। वहीं, सूत्रों का कहना है कि तबादले में सरकार द्वारा घोषित स्थानांतरण नीति का खुलकर उल्लंघन किया गया है। मानकों को ताक पर रखकर 10



प्रतिशत से अधिक अवर अभियंताओं तबादला किया गया है। इसी प्रकार 20 प्रतिशत से अधीक्षण अभियंताओं का भी तबादला किया गया है। नव प्रोन्नत 182 अधिशासी अभियंताओं के अलावा 40 से अधिक अधिशासी अभियंताओं को भी इधर से उधर किया गया है। 'शासन ने ट्रांसफर के बारे में विस्तृत रिपोर्ट मांगी है, जिसे तैयार कराया जा रहा है। मैं इससे अधिक बताने की स्थिति में नहीं हूं।'

– सत्यप्रकाश, कार्यवाहक विभागाध्यक्ष, लोनिवि

## 23 से 26 जुलाई तक लखनऊ से अयोध्या हाईवे रहेगा बंद

गोरखपुर ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : सावन मास में 23 से 26 जुलाई तक अयोध्या पहुंचने वाले कांवड़ियों की भारी भीड़ की संभावना को देखते हुए प्रशासन ने 23 की सुबह चार बजे से 26 जुलाई तक लखनऊ से अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर भारी वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया है। इस दौरान कांवड़ियों के लिए दो लेन सुरक्षित रहेंगी। दो लेन आवश्यक सुविधाओं के लिए आरक्षित रहेंगी। भीड़ की स्थिति को देखते हुए छोटे वाहनों के संचालन की अनुमति दी जाएगी। रूट डायवर्जन का भी चार्ट तैयार कर लिया है। सावन में कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी व श्रावण शिवरात्रि पर अयोध्या में सरयू नदी से जल लेने के लिए बस्ती, आजमगढ़, अंबेडकरनगर, सुल्तानुपर, बाराबंकी समेत अन्य जनपदों से लाखों कांवड़िये आते हैं। उनका आगमन 23 जुलाई से ही शुरू हो जाएगा। माना जा रहा है कि जिले में 25 व 26 जुलाई सावन शिवरात्रि को रामनगरी में लाखों कांवड़ियों का डेरा होगा। इसको लेकर पुलिस ने सुरक्षा का मजबूत खाका खींचा है। इसी के तहत रूट डायवर्जन का चार्ट भी तैयार किया गया है। एसपी सिटी व मेला सुरक्षा अधिकारी विजयपाल सिंह ने बताया कि कांवड़ मेला को देखते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग पर 23 जुलाई की सुबह चार बजे से 26 जुलाई को भीड़ समाप्ति तक जनपद गोंडा, बस्ती, बलरामपुर, अंबेडकरनगर, सुल्तानपुर, अमेठी, बाराबंकी से आने वाले भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंधा रहेगा। इसी तरह गोंडा के लकड़मंडी चौराहे से सभी प्रकार के वाहन अयोधया में प्रवेश नहीं कर सकेंगे। फैजाबाद से आने वाले वाहन श्रीराम अस्पताल तक आ सकेंगे। रामघाट चौराहे से साकेत पेट्रोल पंप व नयाघाट की ओर सभी वाहनों का प्रवेश निषेध होगा। उन्होंने बताया कि कांवड़ियों के लिए लखनऊ–बस्ती हाईवे को आरक्षित रखा जाएगा। दो लेन आवश्यक सुविधाओं के वाहनों के लिए सुरक्षित रहेंगे। इस पर छोटे वाहनों के आवागमन की भी अनुमति दी जा सकती है, लेकिन यह कांवड़ियों की भीड़ पर निर्भर करेगा। यदि भारी भीड़ उमड़ी तो हाईवे को पूरी तरह से बंद करने का भी निर्णय लिया जा सकता है। सीओ अयोध्या व सीओ यातायात डॉ. राजेश तिवारी ने बताया कि असामाजिक तत्वों पर निगाह रखने के लिए मेला क्षेत्र में एक दर्जन से ज्यादा स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। इसके अलावा पहले से लगे कैमरों को दुरुस्त कराया गया है। मेला क्षेत्र में विशेष दबाव वाले स्थान नयाघाट, सरयू तट, हनुमानगढ़ी आदि पर ड्रोन कैमरे से भी नजर रखी जाएगी। सीओ ने बताया कि कांवड़ियों की भीड़ में सादी वर्दी में पुलिस




के जवानों के साथ खुफिया विभाग के कर्मचारी भी तैनात किए गए हैं। हाईवे व पुल पर भी पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाएगी। पूरे मेला क्षेत्र को सात जोन व 25 सेक्टर में बांटा गया है। इसकी सुरक्षा के लिए एक कंपनी सीआपीएफ, एक कंपनी पीएसी, 10 सीओ, 14 इंस्पेक्टर, 75 एसआई, 180 सिपाही, 80 कांस्टेबल की ड्यूटी लगाई जाएगी। अयोध्या में उमड़ने वाले कांवड़ियों की भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन ने रामनगरी के व्यापारियों के साथ बैठक कर उनसे सहयोग की अपील की। सीओ अयोध्या डॉ. राजेश तिवारी ने व्यापारियों से सुझाव भी मांगे। व्यापारियों ने कहा कि मेले में नाबालिग ई–रिक्शा व टैंपो–विक्रम वाहन न चलाने पाएं। इससे दुर्घटना की संभावना रहती है। अयोध्या व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष पंकज गुप्ता ने सुझाव दिया कि मेले के दौरान स्कूली वाहन को पास बनाकर दिया जाए। जिससे बच्चों को स्कूल आने–जाने में कोई असुविधा न हो। साथ ही शृंगारहाट से रामजन्मभूमि मार्ग के चौड़ीकरण को भी सावन मेला तक स्थगित करने की मांग की। सीओ ने व्यापारियों से अपील करते हुए कहा कि वे संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु आदि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। बैठक में पार्षद नंदलाल गुप्ता, पूर्व चेयरमैन राधेश्याम गुप्ता, विनोद श्रीवास्तव, विनोद पाठक, सुफलचंद्र मौर्य, अश्वनी गुप्ता सहित अन्य मौजूद रहे। कांवड़ मेला में इस तरह बदला रहेगा रूट – जनपद गोरखपुर से आने वाले भारी वाहन खलीलाबाद से मेंहदावल–बांसी, डुमरियागंज, बलरामपुर, गोंडा होते हुए बाराबंकी–लखनऊ की तरफ जाएंगे। – जनपद बस्ती से आने वाले वाहनों को बस्ती से डुमरियागंज, मनकापुर, उतरौला, गोंडा के रास्ते बाराबंकी होते हुए लखनऊ की तरफ भेजा जाएगा। – जनपद गोंडा–बलरामपुर की ओर से अयोध्या होकर आने वाले वाहनों को गोंडाध मनकापुर से रोककर करनैलगंज, जरवल रोड, रामनगर चौराहा होते हुए जनपद बाराबंकीध्लखनऊ की तरफ भेजा जाएगा। – जनपद बाराबंकी–लखनऊ की ओर से गोरखपुर–बस्ती की तरफ जाने वाले वाहनों को रोककर बाराबंकी से ही जरवल रोड, करनैलगंज, गोंडा, उतरौला, डुमरियागंज से गोरखपुर की तरफ से जाएंगे। – जनपद अमेठी–रायबरेली की ओर से अयोध्या होकर जनपद गोरखपुर, बस्ती की तरफ जाने वाले वाहन अमेठी से ही पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से आजमगढ़, दोहरीघाट होते हुए गोरखपुर की तरफ जाएंगे। जनपद सुल्तानपुर से अयोध्या होकर जनपद गोरखपुर, बस्ती की तरफ जाने वाले वाहनों को सुल्तानपुर से पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से आजमगढ़, दोहरीघाट होते हुए जनपद गोरखपुर की तरफ डायवर्ट किया जाएगा। – जनपद आजमगढ़–अंबेडकरनगर की ओर से अयोध्या होकर बस्ती–गोरखपुर की तरफ जाने वाले वाहनों को अंबेडकरनगर से अतरौलिया, आजमगढ़ दोहरीघाट होते हुए गोरखपुर की तरफ डायवर्ट किया जाएगा। – जनपद आजमगढ़–अंबेडकरनगर की ओर से अयोध्या होकर लखनऊ की तरफ जाने वाले वाहनों को पूर्वांचल एक्सप्रेसवे की तरफ डायवर्जन किया जाएगा।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## सांसद ने रक्षा मंत्री से की मुलाकात

गोरखपुर ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : सांसद रविकिशन शुक्ला ने रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से नई दिल्ली में मुलाकात की और गोरखपुर



एयरपोर्ट के विस्तार के संबंध में बातचीत की जैसा की विधित है गोरखपुर एयरपोर्ट एयर फोर्स का एयरपोर्ट है जिस पर नागरिक विमान सेवा संचालित होता है। सांसद ने गोरखा रेजिमेंट की कुछ जमीन कैंट रेलवे स्टेशन के विस्तार के लिए देने की मांग भी की है जिसके मिल जाने पर टाइम रेलवे स्टेशन पर नागरिक सुविधाओं का विस्तार होगा तथा यात्री आराम से कसया रोड पर आ सकेंगे। कैंट रेलवे स्टेशन के सामने स्थित एम्स के बन जाने के कारण काफी संख्या में यात्री कैंट रेलवे स्टेशन पर उतर रहे हैं बिहार और बनारस से आने वाली गाड़ियां कैंट रेलवे स्टेशन पर रुकेंगे तथा यहीं से पैसेंजर गाड़ियां विभिन्न मार्गों पर चलेंगे जिससे गोरखपुर रेलवे जंक्शन पर यात्री लोग कम होगा

## भाजपा महिला मोर्चा ने द्रौपदी मुर्मू के राष्ट्रपति बनने पर मिठाई बांटकर मनाई खुशियां

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : एनडीए की राष्ट्रपति उम्मीदवार श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के ऐतिहासिक जीत का निर्णय आते ही कल शायं काल से ही भाजपा परिवार में उत्सव और जश्न का माहौल देखने को मिल रहा है, जगह जगह अनुसूचित जाति–जनजाति बस्तियों में भाजपा के जनप्रतिनिधियों और संगठन के पदाधिकारियों ने हर्षोल्लास के साथ जीत जश्न मनाया।इस क्रम में भाजपा जौनपुर की महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष रागिनी सिंह ने नगर मन्त्री विमला निषाद के नेतृत्व में जोगियापुर के निषाद बस्ती में अनुसूचित समाज की सैकड़ों महिलाओं के साथ माननीया नव निर्वाचित राष्ट्रपति को बधाई दिया और मिठाईयाँ बाँट कर एवं केक काटकर खुशियां मनाई।द्रौपदी मुर्मू जी को राष्ट्रपति निर्वाचित होने पर जिले के सभी मंडलों में महिला मोर्चा द्वारा अनुसूचित जाति जनजाति महिलाओ के बीच मे जाकर लोग गाजे बाजे ढोल नगाड़ों के साथ खुशियां मनाई।जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा रागिनी सिंह ने कहा कि आज देश वासियों के लिये विशेष गौरवपूर्ण क्षण है कि देश के सर्वोच्च



पद पर एक आदिवासी समाज की महिला आसीन हुई है। आज शोषितों वंचितों, आदिवासियों जनजातियों पर विशेष ध्यान देते हुए उनके सम्मान को बढ़ाया जा रहा है। और ये तब सम्भव हो पा रहा है जब देश और अधिकांश प्रदेशों में भाजपा की सरकार है। अन्त्योदय भाजपा के मूल में है।उक्त अवसर पर महिला मोर्चा की जिला महामंत्री विमला श्रीवास्तव जिला उपाध्यक्ष राखी सिंह, रेनू सिंह, जिला उपाध्यक्ष प्रियंका श्रीवास्तव जिला मंत्री करुणा मौर्या, अंशु कुशवाहा एवं अन्य बहनें मौजूद रही।

## जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में गो–आश्रय स्थल अनुश्रवण संचालन समिति की बैठक संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बैठक में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने अवगत कराया कि प्रतिदिन 10 गोवंश संरक्षण का कार्य किया जाना है। जनपद में नियमित गोवंश का संरक्षण किया जा रहा है जिस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि शत–प्रतिशत संरक्षण का कार्य पशु चिकित्सा अधिकारी, उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, ग्राम पंचायत, नगर पंचायत, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, नगर पंचायत, खंड विकास अधिकारी के माध्यम से निर्मित को गो–आश्रय स्थल में संरक्षण कराया जाए। उन्होंने कहा कि गो–आश्रय स्थल में प्रकाश, पानी, हरा चारा, भूसा की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाये और वर्षा के कारण जलभराव की स्थिति होती है तो तत्काल उसका समाधान मिट्टी या रवीश को डालकर करवा दिया जाए। जिलाधिकारी ने पशु चिकित्सा अधिकारी, उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, ग्राम पंचायत सचिव, प्रधान एवं खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि आपस में सामंजस्य स्थापित करते हुए घायलध्बीमार गोवंश का उपचार कराये।उन्होंने पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि नियमित गोवंश आश्रय स्थल का भ्रमण करते रहे और किसी प्रकार की समस्या हो तो तत्काल निस्तारण कराया जाए। गो–आश्रय स्थल पर



संरक्षक रात्रि विश्राम वही पर करे। जिलाधिकारी ने वृहद गो–संरक्षण केंद्र के निर्माण की समीक्षा की और निर्देश दिया कि मयनुन्दीनपुर में बन रहे गो–संरक्षण केंद्र को माह जुलाई तक अवश्य पूर्ण कर लिया जाए। चोरसण्ड गो–संरक्षण केंद्र का निर्माण एक सप्ताह में पूर्ण कराने के निर्देश दिए जिस पर कार्यदाई संस्था द्वारा अवगत कराया गया कि एक सप्ताह में पूर्ण करा लिया जाएगा। बैठक में पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आलोक सिंह एवं डॉक्टर सूरज के अनुपस्थित रहने के कारण जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया कि इनका एक दिन का वेतन रोकते हुए स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, अपर जिलाधिकारी भू–राजस्व रजनीश राय, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा0 राजेश कुमार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## झोलाछाप ने फर्श पर किया गर्भाशय का ऑपरेशन : महिला की मौत : मुकदमा दर्ज

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : जिले के दोस्तपुर थाना क्षेत्र के बिरईपुर भटपुरा निवासी सभाजीत निषाद की पत्नी उर्मिला देवी का स्वास्थ्य काफी गड़बड़ था। मुख्यालय से लंबी दूरी और पैसे की तंगी के चलते उसने अखंडनगर थाना क्षेत्र के आलापुर निवासी संदीप विश्वकर्मा पुत्र दयाशंकर विश्वकर्मा की थाना क्षेत्र के हरथुआ बभनपुर में स्थित क्लीनिक पर ले जाकर दिखाया। मृतक महिला के परिजनों का कहना है कि झोलाछाप संदीप ने उर्मिला को देखकर बताया कि उसकी बच्चेदानी पर सूजन है। उर्मिला का झोलाछाप संदीप ने इलाज शुरू कर दिया। बताया जा रहा है कि बीती रात जब महिला की तबियत बिगड़ी तो परिवारीजन उसे लेकर फिर झोलाछाप के पास पहुंचे। जहां उसने महिला को क्लीनिक के अंदर फर्श पर लिटाया और बच्चेदानी का मनमानीपूर्ण तरीके से ऑपरेशन कर डाला। जिससे महिला की मौत हो गयी। महिला की मौत के बाद परिवार वालों ने हंगामा मचा दिया। जिस पर ग्रामीण जमा हो गए। थोड़े ही समय में पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पिटाई के डर से झोलाछाप डॉक्टर भाग खड़ा हुआ। उसकी खोजबीन के लिए पुलिस टीम लगाई गई है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया है और अब शव पोस्टमार्टम में भेजा जा रहा। वही मृतका के पति ने पुलिस को लिखित तहरीर दी है। जिस पर पुलिस की तरफ से मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।महिला की मौत के बाद से परिजनों का रो–रो कर बुरा हाल है। तीन छोटे–छोटे बच्चों से ममता का साया हट गया। झोलाछाप डॉक्टरों की जांच के लिए स्वास्थ्य टीम को दिशा निर्देश दिए गए हैं। ऐसे झोलाछाप के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने की हिदायत दी गई है।

## पहल डिजाइन ने फेयरवेल एवम् फ्रेशर पार्टी में मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। पहल डिजाइन कोचिंग की लखनऊ ब्रांच ने २०२२ के टॉपर्स को सम्मानित किया और उन्हें नम आंखों से विदाई भी दी। हजरतगंज अलीगंज स्थित कोचिंग ने फेयरवेल और फ्रेशर में बच्चो के साथ बच्चो के अनुभव जाने और आने वाले भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस साल नेशनल इंस्टीटच्यूट ऑफ डिजाइन की वार्षिक परीक्षा में विभु ने रैंक २ हासिल की और वही माधवन ने रैंक ३ और रेहान ने रैंक ८ दर्शित २७ और इब्राहिम ५७ शार्दुल ७६ मुस्कान ने रैंक ३८ और कविशा ने १६४ ने हासिल की वही एनआईएफटी में वंदना ने रैंक ७ हासिल की और प्रियांशी ने रैंक १७हासिल की मंत्र, हर्षी, आदित्य, स्वेजल ,अद्विका, रेहान, रौनक ,आर्य, अयान, श्रेयश, अनामिका ने अच्छी रैंक हासिल की। पहल कोचिंग के यूपी के डायरेक्टर आबाद अली ने बताया कि पहल ने हर साल



टॉप १०० में पहल के ही बचे रहते है पहल हमेशा क्वालिटी एजुकेशन पर यकीन रखता है। इसलिए यूपी से सबसे ज्यादा रैंक और रिजल्ट्स निकलते रहे हैं और यूपी का नाम रोशन किया हैं । इसी क्रम में पहल डिजाइन को उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के द्वारा भी सम्मानित किया जा चुका है। कार्यकम में मौजूद रहे सभी शिक्षक गण सिमरनजीत, आकांक्षा पांडे , अनुषा , ऋषभ और मैनेजमेंट के लोगों अरमान , आकांक्षा, प्रियंका ,वारिस , पल्लवी , अफशा, श्वेता , साद ,अमन और गौरव का भी आभार व्यक्त किया।

## पदभार ग्रहण करने के कुछ ही देर बाद हार्ट अटैक से नवागत अधिशासी अभियंता की मौत से मचा हड़कंप

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को महराजगंज जिला मुख्यालय स्थित पी डब्ल्यू डी कार्यालय में अचानक उस समय अफरातफरी मच गई जब ज्वाइन करने आये नवागत अधिशाषी अभियन्ता रघुवीर प्रसाद की ज्वाइनिंग के कुछ देर बाद ही अचानक तवियत बिगड़ गई और जब तक लोग कुछ समझ पाते उनकी मौत हो गई । इस मौत को हार्ट अटैक बताया गया है।अचानक हुई इस घटना से कार्यालय में अफरातफरी का मच गई। घटना टी सूचना मिलते ही जिले के आला अधिकारी मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी लेने में जुट गए। इस घटनाक्रम से लोगो मे शोक व्याप्त हो गया और दिन भर चर्चा का विषय बना रहा।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

फल की प्राप्ति तभी संभव है जब कर्मों का बीज बोया जाये, केवल सोचनें से फल नहीं मिलता।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# आर्थिक तबाही से सियासी संकट तक

श्रीलंका के मामले में राजपक्षे बंधुओं ने यह नहीं सोचा था कि उनका पारिवारिक शासन और आर्थिक कुप्रबंधन व्यापक जनादेश को व्यापक विरोध प्रदर्शन में तब्दील कर देगा।

कोलंबो के द डेली मिरर द्वारा शनिवार सुबह खींची गई तस्वीरों में टोपी पहने और पिट्ठू बैग लादे युवा छात्रों एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं को देश के राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री आवासों पर तब तक हमला करते हुए देखा गया, जब तक कि वे जनता के गुस्से से बचने के लिए सुरक्षा कवर के साथ सुरक्षित, अज्ञात स्थान पर भाग नहीं गए। लेकिन आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन और आग लगाने के बावजूद प्रदर्शनकारी लड़के और लड़कियां न तो देश विरोधी क्रांतिकारी लग रहे और न ही भाड़े के विदेशी सैनिक। वे श्रीलंका का राष्ट्रीय ध्वज थामे हुए हैं। कई महीनों के आर्थिक संकट के चलते श्रीलंका की बदहाली चरम पर पहुंच गई, जब दैनिक जरूरत की आवश्यक चीजें या तो अनुपलब्ध हो गईं या उनकी कीमत इतनी ज्यादा हो गई, कि लोगों की पहुंच में नहीं रहीं।

कई महीनों से गूंज रहे नारों–'गो गोता गो' का, जिसमें मांग की जा रही थी कि राष्ट्रपति गोतबाया इस्तीफा दे दें, कोई असर नहीं हुआ। वर्ष 2009 में मानवाधिकार उल्लंघन के आरोपों के बीच हजारों अल्पसंख्यक तमिलों की हत्या के लिए जिम्मेदार गोतबाया ने अभी प्रदर्शन कर रहे लोगों की मांग पर ध्यान नहीं दिया। वह राजपक्षे परिवार को बचाने में व्यस्त थे। जब संकट शुरू हुआ, तो कम से कम चार अन्य राजपक्षे और कुछ अन्य करीबी रिश्तेदार प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे के नेतृत्व वाली सरकार में थे। राजपक्षे पिछले चुनाव में मिले भारी जनादेश के प्रति आश्वस्त थे। वास्तव में श्रीलंका ही नहीं, बल्कि पूरे दक्षिण एशिया ने ऐसे जनादेशों को अभिशाप बनते देखा है और जिसने मतदाताओं को नाराज किया है। व्यापक जनादेश पाने वाले नेता पार्टी कार्यकर्ताओं, उदार नौकरशाही, सहायक न्यायपालिका और पालतू मीडिया के समर्थन से इसका दुरुपयोग करते हैं।

श्रीलंका के मामले में राजपक्षे बंधुओं ने यह नहीं सोचा था कि उनका पारिवारिक शासन और आर्थिक कुप्रबंधन व्यापक जनादेश को व्यापक विरोध प्रदर्शन में तब्दील कर देगा। हर जगह ऐसे जनादेश अक्सर बहुसंख्यकवादी राजनीतिक एजेंडे पर आधारित होते हैं। केवल राजपक्षे ही नहीं, स्वतंत्रता के बाद से श्रीलंका पर शासन करने वाले अधिकांश पारिवारिक कुलीन वर्गों ने बहुसंख्यकवादी एजेंडे को आगे बढ़ाया है। बहुसंख्यक 70 प्रतिशत सिंहलियों के लिए, उन्होंने 17 प्रतिशत तमिलों और नौ प्रतिशत मुसलमानों के साथ भेदभाव किया है। चाहे कोई माने या नहीं, धर्म ने अपनी भूमिका निभाई है, क्योंकि सिंहली बौद्ध हैं।

इससे इनकार नहीं किया जा सकता कि अन्य देशों की तरह, कोविड महामारी ने श्रीलंका की अर्थव्यवस्था को बर्बाद करने में भूमिका निभाई है। श्रीलंका एक छोटी अर्थव्यवस्था है, जिसका प्रबंधन इसके कमजोर संस्थानों द्वारा होता है। राजपक्षे ने फालतू खर्च और बड़ी परियोजनाओं में कटौती नहीं की। यहां तक कि उसकी अर्थव्यवस्था की रीढ़ (चाय, पर्यटन एवं वस्त्र उद्योग) भी महामारी के कारण टूट गई। गलत समय पर कृषि क्षेत्र में सुधारों को लागू किया गया, और उर्वरक आयात में कटौती की गई थी। राजपक्षे परिवार इनमें से सभी नहीं, तो बदहाली के अनेक कारणों के लिए जिम्मेदार था। और व्यापक जनादेश को पारिवारिक शासन में बदलने पर यह एक और दुखद टिप्पणी है।

इस परिवार का शासन खत्म हो जाता है, तो आगे श्रीलंका में क्या होगा? राष्ट्रपति गोतबाया और प्रधानमंत्री रानिल विक्रममसिंघे ने पहले ही संकेत दे दिया है कि वे पद छोड़ देंगे। छह बार के प्रधानमंत्री को अवसरवादी राजनीतिक गठजोड़ ने एक बार फिर धोखा दिया है, जिसके लिए श्रीलंका कुख्यात है। क्या इससे सत्ता में शून्य पैदा होगा? ऐसी स्थिति श्रीलंका को अराजकता में डुबो सकती है। सौभाग्य से, संसद के अध्यक्ष महिंदा यापा अभयवर्धने ने एक सर्वदलीय बैठक बुलाने की पहल की है। विक्रमसिंघे ने कहा है कि एक बार सर्वदलीय सरकार बन जाने के बाद वह प्रधानमंत्री पद छोड़ने के लिए तैयार हो जाएंगे। जब सत्ताधारी पार्टी के पास भारी बहुमत है, तब श्रीलंका में एक सर्वदलीय सरकार बनना उसके लोकतंत्र की स्थिति को दर्शाता है।

एक बड़े पड़ोसी के रूप में भारत को श्रीलंका के इस संकट का संज्ञान लेना ही होगा। राजपक्षे के साथ इसके संबंध बहुत गर्मजोशी वाले नहीं रहे हैं। लेकिन यह रिश्ते की परीक्षा लेने का समय नहीं है। पिछले कुछ महीनों में, भारत ने सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर श्रीलंका को भोजन, उर्वरक और ईंधन की आपूर्ति की है। भारत अपनी प्रतिक्रिया देने में सतर्क रहा है, जो उचित ही है। जरूरत के अनुसार यह और सहायता देगा। कोलंबो धन के लिए अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और खाद्य आपूर्ति के लिए विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) से संपर्क कर रहा है। बहुत संभावना है कि डब्ल्यूएफपी भारत के माध्यम से रसद की आपूर्ति करे। श्रीलंका के घटनाक्रम का भारत पर राजनीतिक असर भी पड़ेगा। तमिलनाडु पुराने घावों को भूलकर मोदी सरकार से अपील कर सकता है कि वह श्रीलंकाई लोगों को राहत प्रदान करे, जिसमें तमिल भी शामिल हैं।

लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर इसने एक बहस छेड़ दी है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की इस टिप्पणी ने, कि श्रीलंका की स्थिति भारत की तरह है, सरकार और भाजपा को आक्रोशपूर्ण प्रतिक्रिया देने के लिए उकसाया है। उनकी प्रतिक्रिया है कि श्रीलंका बहुत छोटा देश है और आर्थिक रूप से कमजोर है, इसलिए उसकी तुलना भारत ने नहीं की जा सकती। हमेशा की तरह राहुल गांधी सोशल मीडिया पर ट्रोल हो रहे हैं। हालांकि इस तथ्य के दो पहलू हैं। पहला कि भारतीय अर्थव्यवस्था भी तनाव से गुजर रही है, लेकिन श्रीलंका की तरह इसके ढहने की आशंका नहीं है। अर्थव्यवस्था का आकार उतना मायने नहीं रखता, जितना उसका सही प्रबंधन। लेकिन राहुल गांधी की टिप्पणी में अंतर्निहित गहरे संदेश राजनीतिक हैं, जिसे न तो सरकार और न ही राहुल गांधी पर हमलावर ट्रोल समझने या मानने के लिए तैयार हैं।

श्रीलंका और भारत, दोनों ने अपने–अपने बहुसंख्यक एजेंडे को आगे बढ़ाया है। देश और विदेश में आलोचकों की नजर में व्यापक रूप से कथित रूप से भारत में मुसलमान और श्रीलंका में तमिल और मुसलमान निशाने पर हैं। मूल संदेश यह है कि एक बहुसंख्यक राजनीतिक एजेंडा, लोगों को विभाजित करते हुए, किसी न किसी स्तर पर अनुत्पादक हो सकता है, और अर्थव्यवस्था संकट में घिर जाती है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## भाजपा सरकार और ईडी गठबंधन के दबाव में जनता की आवाज दबने वाली नही–कांग्रेस

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। जनता के सवालों पर जवाब देने में नाकाम भाजपा सरकार षड़यंत्र कर ईडी के सहारे विपक्ष की आवाज दबाने की कोशिश में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी से पूछताछ कर परेशान किये जाने के खिलाफ आज प्रदेश की राजधानी लखनऊ में कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं द्वारा लखनऊ स्थित ई डी दफ्तर के बाहर विरोध प्रर्दशन किया गया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस जनों की पुलिस से झड़प भी हुई जिसके पश्चात कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर ईको गार्डेन ले जाया गया। उत्तर प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता संजय सिंह ने कहा कि जिस नेशनल हेराल्ड मामले में एक–एक पैसे का लेन देन पारदर्शी तरीके से है वहां सिर्फ परेशान करने के नाम पर '' inforcement directorate '' (ईडी) को मनी लांड्रिंग दिख रहा है, इसके उलट जिस पीएम केयर्स फण्ड में हजारों करोड़ का घोटाला हुआ जिसका ऑडिट तक नहीं हुआ, जिसे सरकार ने सरकारी फण्ड मानने से इनकार कर दिया, जिसमे अरबों की लेन–देन हुई है, वहां ईडी को सब कुछ साफ सुथरा दिख रहा है। प्रवक्ता संजय सिंह ने कहा कि जिस तरह महंगाई अपने चरमोत्कर्ष पर है, उससे आम जनमानस की कमर टूट चुकी है, बेरोजगार युवक रोजगार की तलाश में दर–दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं, किसान अपनी समस्याओं से लड़ते हुए दम तोड़ दे रहें हैं कांग्रेस उन सवालों को लगातार उठा रही है इन्हीं सवालों पर सरकार कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है और जनता की आवाज संसद में न उठे और जनता का ध्यान इन सब मुद्दों पर न जाए इसलिए संवैधानिक संस्थाओं का दुरूपयोग करके विपक्षी नेताओं को प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस



अत्याचार के खिलाफ कांग्रेस चुप बैठने वाली नहीं है हम जनता की आवाज उनके हित के मुद्दों को उठाते रहेंगे सरकार चाहे जितना प्रयास कर ले ये आवाज बंद होने वाली नहीं है, श्रीमती सोनिया गांधी और राहुल गांधी उस गांधी परिवार की परंपरा के वाहक हैं जो देश के लिए शहादत देने से पीछे नहीं हटा ये ई. डी. की क्या बिसात है। इसी क्रम में आज लखनऊ स्थित प्रदेश प्रवर्तन निदेशालय (ईडी )कार्यालय के बाहर एवं प्रदेश के तमाम जनपदों में कांग्रेसजनों ने विरोध प्रदर्शन किया प्रदर्शन कर रहे कांग्रेसजनों पर पुलिस के द्वारा लाठीचार्ज में पार्टी की महिला नेत्री सुमन प्रजापति एवं तमाम कांग्रेसजनों को गंभीर चोटें आई। जिसके पश्चात कांग्रेस नेताओं – कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर ईको गार्डेन ले जाया गया। प्रदर्शन में राष्ट्रीय सचिव सत्य नारायण पटेल, विधायक वीरेन्द्र चौधरी, वरिष्ठ नेता वीरेन्द्र मदान, द्विजेन्द्र त्रिपाठी, प्रमोद सिंह, अमरनाथ अग्रवाल, सम्पूर्णानंद मिश्रा, अनुसुईया शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष विश्वविजय सिंह, प्रदेश महासचिव विवेकानंद पाठक, सेवादल प्रदेश संगठक प्रमोद पांडेय, राजेश सिंह काली, शिव पाण्डेय सचिव मनोज तिवारी, अनिल यादव, बृजेश सिंह, प्रदीप कनौजिया, अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग विभाग कांग्रेस मनोज यादव, प्रवक्ता कृष्णकांत पाण्डेय, पंकज तिवारी, संजय सिंह, रफत फातिमा, युवा कांग्रेस के अध्यक्ष कनिष्क पाण्डेय, सतीश बिंध लक्ष्मीनारायण दीक्षित , संजीव सिंह, आलेख पांडे, सोनू पंडित, जितेन्द्र मोहन गुप्ता ,पूर्व मंत्री नकुल दुबे, महिला कांग्रेस की अध्यक्ष ममता चौधरी, नरेन्द्र शुक्ला, राकेश पाण्डेय, सुशीला शर्मा, विभा त्रिपाठी, किरन शर्मा, जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी, शहर अध्यक्ष दिलप्रीत सिंह डीपी एवं अजय श्रीवास्तव अज्जू, जनपद वहराइच के पूर्व एवं रायबरेली जिलाध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह, युवा कांग्रेस के नेता शिवम त्रिपाठी, पंकज तिवारी, अंकित तिवारी, संजीव सिंह सहित तमाम कांग्रेस जन मौजूद रहे।

## व्यापारी संगठनों को एक बार फिर अपने तेवर दिखाने होंगे : तभी होगा समस्याओं का समाधान–संजय गुप्ता

मृत्युन्जय प्रताप सिंह लखनऊ : राजधानी के आशियाना क्षेत्र की प्रमुख एवं बड़ी बाजार खजाना मार्केट के 300 से अधिक सदस्यों वाले पंजीकृत व्यापारी संगठन खजाना व्यापार मंडल ने खजाना मार्केट आशियाना में आयोजित एक भव्य संबद्धता ग्रहण समारोह में प्रदेश के बड़े व्यापारी संगठन उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल की संबद्धता ग्रहण की। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने खजाना व्यापार मंडल के अध्यक्ष संदीप सिंह गौर एवं महासचिव आरकेएस राठौर को संबद्धता प्रमाण पत्र प्रदान किया तथा खजाना मार्केट के व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए सदैव सहयोग करने का वायदा किया। संबद्धता ग्रहण समारोह को संबोधित करते हुए संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा कि वर्तमान समय व्यापारियों एवं विशेष रूप से रिटेल सेक्टर के व्यापारियों के लिए चुनौती भरा है। व्यापारियों के सामने अपने व्यापार को बचाना मुश्किल हो रहा है। एक तरफ व्यापारी जीएसटी के मकड़जाल में उलझता जा रहा है एवं उसे जीएसटी की लिखा पढ़ी के कारण अपने व्यापार करने का पर्याप्त समय नहीं मिल पा रहा दूसरी तरफ विदेशी ई–कॉमर्स कंपनियों के कारण व्यापारियों का व्यापार चौपट हो रहा है तीसरी ओर अधिकारी अपनी मनमानी कर रहे हैं उन्होंने कहा एक बार फिर व्यापारी संगठनों के सड़कों पर उतरने एवं अपनी एकजुटता और तेवर दिखाने का समय आ गया है उन्होंने कहा खाद्यान्न पर 5



प्रतिशत जीएसटी कतई उचित नहीं है। सरकार को इसे तुरंत वापस लेना चाहिए। व्यापारी नेता संजय गुप्ता ने कहा कि 26 जुलाई को देश भर के व्यापारी नेता मध्य प्रदेश के भोपाल शहर में एकत्र होंगे तथा व्यापारी आंदोलन की देशव्यापी रणनीति बनाएंगे। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए संघर्ष करने का आवाहन किय। संबद्धता ग्रहण समारोह में खजाना व्यापार मंडल के अध्यक्ष संदीप सिंह गौर, उपाध्यक्ष पीके बाजपाई, उपाध्यक्ष एमपी भास्कर, महासचिव आरकेएस राठौर, संयुक्त सचिव संतोष वर्मा ,एच एस चड्ढा, सचिव मनीष खन्ना, संगठन सचिव अंकुर कपूर, सतीश गौतम, सचिव विरेंद्र प्रताप सिंह, भूतल सचिव पुनीत सिंह राठौर, सुनील वर्मा, ललित तिवारी, उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश कोषाध्यक्ष मो. अफजल, प्रदेश उपाध्यक्ष अविनाश त्रिपाठी, कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के प्रदेश महामंत्री आनंद मिश्रा ,नगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ साकेत चतुर्वेदी ,ट्रांस गोमती प्रभारी मनीष पांडे, ट्रांस गोमती अध्यक्ष अनिरुद्ध निगम सहित खजाना मार्केट के बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

## गूंगी व बहरी युवती को हबस का शिकार बनाने के दोषी महेश को 14 साल की जेल : 22 हजार रुपये का कोर्ट ने ठोंका अर्थदंड

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : गूंगी–बहरी युवती को हबस का शिकार बनाने के मामले में आरोपी महेश को फास्ट ट्रैक कोर्ट द्वितीय की अदालत ने दोषी करार दिया है। फास्ट ट्रैक कोर्ट न्यायाधीश अभिषेक सिन्हा ने दोषी को 14 वर्ष के कारावास एवं 22 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।मालूम हो कि अमेठी जिले की रहने वाली गूंगी–बहरी युवती के भाई ने अमेठी थाने में इसी थाना क्षेत्र स्थित भेटुआ गांव के रहने वाले आरोपी महेश व उसकी माँ सुमित्रा के खिलाफ 11 फरवरी 2016 की घटना बताते हुए मुकदमा दर्ज कराया। आरोप के मुताबिक घटना के दिन उसकी गूंगी–बहरी बहन घास छीलने गई थी,तभी महेश ने सांप निकलने का बहाना बताकर उसे खुरपी देने का इशारा किया। खुरपी देने पीड़िता आई तो महेश ने उसे बहाने से कमरे में बुला लिया और उसे कमरे में बन्द कर दिया। महेश ने पीड़िता के हाथ–पैर बांधकर जबरन दुष्कर्म किया। आस–पास मौजूद लोगों ने घटना की जानकारी मिलने पर दरवाजा खुलवाने का बहुत प्रयास किया लेकिन महेश ने दरवाजा नही खोला, भीड़ ने किसी तरीके से दरवाजा खोला तो अंदर पीड़िता के हाथ–पैर बंधे मिले। आरोप के मुताबिक पकड़े जाने के बाद महेश व मौके पर पहुँची उसकी मां ने धमकी दी कि उनका कोई कुछ नहीं कर पायेगा। इस मामले में पीड़िता के भाई की तहरीर पर मां–बेटे के खिलाफ अमेठी कोतवाली में मुकदमा दर्ज हुआ और दोनों के खिलाफ आरोप पत्र भी दाखिल हुआ। मामले का विचारण एफटीसी द्वितीय की अदालत में चला। विचारण के दौरान अभियोजन पक्ष के शासकीय अधिवक्ता संजय सिंह ने अपने साक्ष्यों व तर्को को प्रस्तुत कर आरोपियो को दोषी ठहराकर कड़ी सजा से दण्डित किये जाने की मांग की। वहीं बचाव पक्ष ने अपने तर्को को प्रस्तुत कर आरोपियों को निर्दोष साबित करने का भरसक प्रयास किया। एफटीसी जज अभिषेक सिन्हा की अदालत ने उभय पक्षो को सुनने के पश्चात मामले में आरोपी बनी महेश की मां को साक्ष्य के आभाव में बरी कर दिया है,वहीं आरोपी महेश को दोषी ठहराते हुए 14 वर्ष के कारावास एवं 22 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

## पर्यटन मंत्री ने किया घर घर तिरंगा अभियान का शुभारम्भ

मृत्युन्जय प्रताप सिंह लखनऊ। प्रधानमंत्री मोदी जी और मुख्यमंत्री योगी जी की जोड़ी ने योग को विश्व पटल पर एक पहचान दिलाई। यह प्रधानमंत्री मोदी जी और मुख्यमंत्री योगी जी का देश के प्रति अगाध प्रेम तथा मन, वचन और कर्म का ही नतीजा है कि योग का लोहा सिर्फ संयुक्त राष्ट्र ही नहीं बल्कि विश्व के सभी देशों ने माना और 21 जून को पुरे विश्व ने योग दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया। यह बात आज राष्ट्रीय एकता मिशन द्वारा ष्मानवता व शांति के लिए योगष पर आयोजित एक विचारगोष्ठी में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री जयवीर सिंह जी ने कही। मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के आह्वान पर पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री जयवीर सिंह ने घर घर तिरंगा अभियान का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री जयवीर सिंह ने अभियान के संयोजक डा. मौलिनदू मिश्र की उपस्थिति में ष्घर घर तिरंगा अभियानश स्मृति पट जारी सभी से अभियान में शामिल होनी की अपील की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय एकता मिशन के मार्गदर्शक स्वामी मुरारी दास जी ने कहा कि राष्ट्रीय एकता मिशन आगामी 1 अगस्त से 17 अगस्त तक हर घर में तिरंगा फैराये जाने का अभियान चलाएगा। भारत एक शान्ति प्रिय देश है यहाँ सदियों से लोग आपसी मोहब्बत और मेलजोल के साथ रहते आए हैं और आगे भी रहेंगे। घर घर तिरंगा अभियान से न केवल





देश का गौरव बढ़ेगा बल्कि देश विरोधी ताकतें कमजोर होंगी। अभियान के संयोजक डा. मौलिनदू मिश्र ने बताया की इस अभियान के तहत संगठन का लक्ष्य है कि आगामी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लगभग 50 लाख परिवारों को अभियान से जोड़कर घरों में तिरंगा फैराना सुनिश्चित किया जाएगा। गोष्टी को भाजपा नेता श्री अशोक सिंह, श्री राजेश सिंह सेंगर, श्रीमती रूबी सिंह और लुआक्टा पूर्व अध्यक्ष डा. मोलेन्दु मिश्र ने सम्बोधित किया। गोष्टी में श्रीमती अंजना सिंह सेंगर ने मानवता के लिए योग पर काव्यपाठ किया। कार्यक्रम का संयोजन श्री ज्ञानेन्द्र सिंह बाबा ने किया एवं संचालन श्री अतुल सिंह ने किया। कार्यक्रम के आयोजन में श्री सुनील यादव, श्री अमित सिंह, श्री रानू सिंह, श्री महेश सिंह एवं श्री फरहान का विशेष योगदान रहा।

## मोहर्रम को लेकर एडिशनल एसपी ने शिया व सुन्नी इमामों के साथ की बैठक

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गेश कुमार सिंह ने कोतवाली पिहानी में मोहर्रम को लेकर शिया व सुन्नी धर्म गुरुओं के साथ बैठक कर शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। एडिशनल एसपी ने सख्त लहजे में कहा कि सातवी मोहर्रम जुलूस की पिछली घटनाओं को लेकर पिहानी कस्बा अतिसंवेदनशील रहा। उपद्रवी व खुराफातियों पर पुलिस की नजर है। बैठक के बाद पुलिस ने निकलने वाले जुलूसों के मार्गों का निरीक्षण किया।एडिशनल एसपी ने शिया समुदाय की तरफ से मौलाना फरमान अली, अम्बार जैदी ,रज्जन रिजवी डॉक्टर मीशम ,अय्यूब अली, सैफ जैदी, बच्चन हुसैन आदि लोगों से जुलूसों, अंजुमनों व मजलिसों के विषय में पूछताछ की। शिया समुदाय के लोगों ने बताया कि एक महीने जुलूस मजलिसों का दौर चलता है। शिया धर्मगुरु मौलाना फरमान अली ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व पुलिस प्रशासन की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि इस शासनकाल में पत्थरबाजों वध उपद्रवियों की खैर नहीं है। एडिशनल एसपी ने कहा कि जुलूस में किसी भी प्रकार के शस्त्र तलवारे आदि की अनुमति नहीं है। कोतवाल बेनी माधव त्रिपाठी ने कहा कि मजलिस ,जुलूस व अन्य कार्यक्रमों में सड़क पर कोई टेंट ,साउंड तख्त,नहीं लगेगा। किसी भी हालत में मार्ग में अवरोध न पैदा हो। कोतवाल बेनी माधव त्रिपाठी ने शिया धर्मगुरु मौलाना फरमान अली से कहा कि अपने होने वाले मजलिस जुलूस व अन्य कार्यक्रमों की जानकारी लिखकर थाने को उपलब्ध करा दें। वहीं दूसरी और सुन्नी समुदाय से इस्लाम गंज मस्जिद



के मौलाना उस्मान गनी, बस स्टैंड वाली मस्जिद से अतीकुर्रहमान, चौहट्टा मस्जिद से सुहेल, जामा मस्जिद के इसरार आदि लोगों ने अधिकारियों को बताया कि सुन्नी समुदाय से पिहानी कस्बे में कोई जुलूस, मातम व ताजिया का कोई कार्यक्रम नहीं होता है। सुन्नी समुदाय की तरफ से चौहट्टा मस्जिद में 16वे दिन जलसे व 17 वे दिन मुशायरे का आयोजन किया जाता है। एडिशनल एसपी दुर्गेश कुमार सिंह व कोतवाल बेनी माधव त्रिपाठी ने अपने संबोधन में दोनों पक्षों को कड़ी हिदायत देते हुए कहा कि अगर किसी भी पक्ष ने कोई खुराफात की तो प्रशासन उसके साथ सख्ती से निपटेगा। अमन चौन के साथ मोहर्रम मनाए ।प्रशासन आपकी पूरी मदद करेगा। पिछली घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। इस मौके पर नगर पालिका परिषद चेयरमैन जमाल साजिद चांद ,अधिशासी अधिकारी अहिवरन लाल व गोपाल कृष्ण अवस्थी ने कहा है कि नगर के प्रमुख मार्ग लगभग सही है। यदि कहीं पर भी सड़क में गड्ढे आदि है तो उन्हें दुरुस्त कराया जाएगा। बिजली विभाग के लाइनमैन अजय खन्ना ने कहा कि पिछले वर्षों की भांति इस वर्ष भी जुलूस मे अवरोध पैदा कर रहे तारों को उतारकर जुलूस को में सहयोग करेंगे। बैठक में विकासखंड पिहानी के ब्लाक प्रमुख कुशी वाजपेई, नवनीश बाजपेई, तुषार बाजपेई ,अभिषेक वैश्य रिशु ,विमलेश तिवारी, प्रधान संघ अध्यक्ष मेवाराम, धर्मवीर यादव, अशोक गौतम, सोनू भारती, ऋषि गौतम, मेहंदी हसन समेत कई लोग मौजूद रहे।

## थाना कोतवाली पुलिस द्वारा एक शातिर मोटरसाइकिल चोर चोरी की तीन मोटर साइकिल के साथ गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये रहे अभियान के तहत, अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण एवं दिशा निर्देशन में थाना कोतवाली जौनपुर पुलिस टीम द्वारा वाहन चेकिंगध्रात्रि गस्त के दौरान मुखवीर की सूचना पर रसूलाबाद तिराहे के पास से चोरी की तीन मोटरसाइकिल के साथ अभियुक्त धीरज बिन्द पुत्र स्व0 रामसूरत बिन्द नि0 कालीकुत्ती थाना कोतवाली जनपद जौनपुर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त– 1–धीरज बिन्द पुत्र स्व0 रामसूरत बिन्द निवासी कालीकुत्ती थाना कोतवाली जनपद जौनपुर। आपराधिक इतिहास– 1. मु0अ0सं0–192/22 धारा–411/413/414 भादवि0 थाना कोतवाली जौनपुर। 2. मु0अ0सं0–286/21 धारा–411/414 भादवि0 थाना कोतवाली जौनपुर। 3. मु0अ0सं0–654/18 धारा–379 भादवि0 थाना कोतवाली जौनपुर। 4. मु0अ0सं0–2128/16





धारा–354 (क) भादवि0 थाना कोतवाली,जौनपुर। गिरफ्तारी टीम– 1.उ0नि0 संजय कुमार सिंह चौकी प्रभारी शकरमण्डी थाना कोतवाली जनपद जौनपुर। 2.उ0 नि0 रोहित कुमार मिश्रा चौकी प्रभारी सरायपोख्ता थाना कोतवाली जौनपुर। 3.का0 जितेन्द्र प्रताप सिंह थाना कोतवाली जौनपुर। 4.का0 अमित साहनी थाना कोतावाली,जौनपुर।

## ताला तोड़ कर नकदी सहित चोरो ने उड़ाये आभूषण

अयोध्या(सरवन कुमार नगर संवाददाता)जिले के मवई थाना के पुलिस चौकी बाबा बाजार क्षेत्र अन्तर्गत बाबा बाजार स्थित शिक्षक के घर से बुधवार की रात चोरों ने नकदी सहित हजारों रुपए का आभूषण पार कर दिया।सूत्र के मुताबिक सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। इस संबंध में भुक्तभोगी ने तहरीर पुलिस को दी है।सूत्र के मुताबिक मूल रूप से लोहटी सरैया निवासी प्रेमचंद्र चौरसिया पुत्र रामराज बाबा बाजार स्थित एक निजी स्कूल में शिक्षक हैं और वहीं किराये के मकान में रहते हैं। तहरीर में उनका कहना है कि बुधवार को वह गेट में ताला लगाकर परिवार के साथ लखनऊ दवा लेने गये थे। रात लगभग नौ बजे वापस लौटे तो गेट का ताला टूटा मिला। अंदर के कमरे का ताला भी टूटा मिला और सारा सामान इधर–उधर बिखरा पड़ा था। उन्होंने बताया कि चोर बक्से का ताला तोडकर उसमें रखा तीन माह का वेतन व यूकेलिप्टस के पेड़ की बिक्री का लगभग 1 लाख 20 हजार रुपया तथा बक्से में रखी पत्नी की एक जोड़ी सोने की झुमकी, एक जोड़ी बाला, एक जोड़ी कान का टप्स व एक सोने की चैन ले गए हैं। इस संबंध में थाना प्रभारी नीरज सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है।इस मामले की छानबीन कराई जा रही है।

## जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की गई समीक्षा बैठक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा विभागीय कार्यो की बिन्दुवार समीक्षा की गयी।बैठक में जिलाधिकारी ने एलडीएम को निर्देश दिया कि प्रत्येक बैंक के साथ एक बैंक सखी का चयन किया जाए। उन्होंने कहा कि 01 माह के अन्दर समूह गठन का शत–प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण किया जाय एवं पूर्व में गठित लगभग 2000 इनएक्टिव समूहों को बैंक व ग्राम पंचायज स्तर से सत्यापन कर सक्रिय किया जाय। जिलाधिकारी द्वारा उपायुक्त स्वतः रोजगार को निर्देशित किया कि मिशन मुख्यालय से समन्वय कर सिनियर आई०सी०आर०पी० ड्राइव चलाकर ग्राम संगठन व सी०एल०एफ० गठन कर लक्ष्य के सापेक्ष शत–प्रतिशत पूर्ति करना सुनिश्चित करें। सभी प्रकार के फण्ड की मांग पत्र लक्ष्य के अनुरूप मिशन मुख्यालय को प्रेषित किया जाय। सभी प्रकार के कैडर का लक्ष्य के अनुरूप चयन व प्रशिक्षण कर उनसे कार्य करवाने हेतु निर्देशित किया गया साथ ही सी०सी०एल० की



लक्ष्य के सापेक्ष शत–प्रतिशत पत्रावली बैकों में प्रेषित किये जाने हेतु निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त विद्युत सखी को सक्रिय करते हुए विद्युत बिल कलेक्शन के कार्य में गति लाने हेतु निर्देशित किया गया। विकास खण्ड मछलीशहर व रामपुर के बी०सी० सखी सहित एन0आर0एल0एम0 के समस्त इंडिकेटर्स के लक्ष्यों को विशेष रूप से समयबद्ध शत–प्रतिशत पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम, अपर जिलाधिकारी भू–राजस्व रजनीश राय, डीसी एन.आर.एल.एम ओपी यादव, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी आर.डी. यादव, जिला पंचायत राज अधिकारी संतोष कुमार सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## थाना बदलापुर व महराजगंज की संयुक्त टीम के साथ मुठभेड़ में 20 हजार रूपये का इनामी वांछित अभियुक्त घायल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव :श्री अजय कुमार साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर द्वारा अपराध की रोकथाम व अपराधियों गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्री शैलेन्द्र सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन व श्री शुभम तोदी, क्षेत्राधिकारी बदलापुर के कुशल पर्यवेक्षण में थाना बदलापुर व थाना महाराजगंज की संयुक्त टीम द्वारा 20 हजार रूपये के इनामियां वांछित अभियुक्त को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम को रात्रि गस्त के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि शातिर वांछित लुटेरा एक बड़ी घटना को अजांम देने की फिराक में है और अगर जल्दी की जाय तो उनको पकड़ा जा सकता है। इस सूचना पर विश्वास कर के पुलिस टीम घनश्यामपुर अंडरपास के पास पहुंचकर उक्त बदमाश के आने का इन्तजार करने लगी तभी वहां से तेज रफ्तार में एक बाइक बदलापुर से घनश्यामपुर की तरफ आते दिखाई दी, पुलिस टीम द्वारा बाइक को रोकने का प्रयास करने पर बदमाश द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर किया गया। उक्त फायरिंग से प्र0नि0 बदलापुर बाल बाल बच गये। प्रभारी निरीक्षक बदलापुर व थानाध्यक्ष महाराजगंज द्वारा की गयी जवाबी फायरिंग में बदमाश को गोली लगी जिससे बदमाश घायल होकर गिर पडा। घायल बदमाश को बाद प्राथमिक उपचार सीएचसी बदलापुर से सदर अस्पताल जौनपुर के लिए रेफर कर दिया गया। सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है । गिरफ्तार अभियुक्त–1.राजकुमार




पुत्र मातादीन निवासी ग्राम रामपुर थाना बदलापुर जनपद जौनपुर। आपराधिक इतिहास–1.मु0अ0सं0–364 / 21 धारा–392 / 411 भादवि थाना बदलापुर, जौनपुर। 2.मु0अ0सं0–365 / 21 धारा–307 भादवि थाना बदलापुर, जौनपुर। 3.मु0अ0सं0–207 / 21 धारा–392 / 411 भादवि थाना महाराजगंज, जौनपुर। 4.मु0अ0सं0–63 / 19 धारा–411 / 413 / 419 / 420 / 467 / 468 / 471 भादवि थाना सिंगरामऊ, जौनपुर। 5.मु0अ0सं0–64 / 19 धारा–25 / 27 आर्म्स एक्ट थाना सिगरामऊ, जौनपुर।6.मु0अ0सं0–89 / 18 धारा–379 / 411 भादवि थाना बदलापुर, जौनपुर। 7.मु0अ0सं0–183 / 22 धारा–307/411/413/419/420 भादवि थाना बदलापुर, जौनपुर। 8. मु0अ0सं0–184 / 22 धारा–3 / 25 आर्म्स एक्ट थाना बदलापुर, जौनपुर। बरामदगी का विवरण– 1. एक मोटरसाइकिल सुपर स्पलेण्डर।2.एक तमंचा .32 बोर मय दो जिंदा कारतूस व एक खोखा कारतूस।3.नगद 1250 रूपये ।गिरफ्तारी करने वाली टीम–1. श्री योगेन्द्र सिंह, प्रभारी निरीक्षक बदलापुर जनपद जौनपुर।2. श्री सतोष कुमार शुक्ला, थानाध्यक्ष महाराजगंज जनपद जौनपुर।3–व0उ0नि0 श्री हरिनारायण पटेल, थाना बदलापुर जौनपुर।4–का0 पंकज मौर्या, का0 विपिन यादव, का0 अजीत यादव, का0 योगेश कुमार, का0 दीपक मौर्या थाना बदलापुर जौनपुर।5.का0 ईश्वरकुमार, का0 नीरज, का0 सुमित यादव थाना महाराजगंज जौनपुर।

## आरोपी को 01 वर्ष छः माह का सश्रम कारावास व 2,000रूपये के जुर्माने से दण्डित किया गया

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : थाना गौराबादशाहपुर के जघन्यः पाक्सो एक्ट के अपराध में मानिटरिंग सेल जनपद जौनपुर की प्रभावी कार्यवाही एवं सम्यक पैरवी से आरोपी को 01 वर्ष छः माह का सश्रम कारावास व 2,000 रूपये के जुर्माने से दण्डित किया गया–वादिनीध्पीड़िता की तहरीर पर अभियुक्त पप्पू यादव पुत्र स्वारथ यादव उम्र 26 वर्ष निवासी खलसहां, थाना गौराबादशाहपुर जनपद जौनपुर द्वारा पीड़िता के साथ कारित अपराध के सम्बन्ध में दिनांक 05.08. 2014 को थाना गौराबादशाहपुर में मु0अ0सं0 451 / 14 धारा 354क,323,504 भा0द0वि0, धारा 3(1)11 एस.सी.ध्एस.टी.एक्ट व 18 पाक्सो एक्ट पंजीकृत हुआ। अभियोग की विवेचना तत्परता से गुणवत्ता कायम रखते हुए पूर्ण की गयी तथा आरोपी के विरूद्ध आरोप पत्र माननीय न्यायालय में प्रेषित किया गया। श्रीमान् वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद जौनपुर द्वारा महिलाओंध्बालकों के विरूद्ध हो रहे अपराधों पर कठोरता से नियंत्रण लगाने एवं अभियुक्तों को अधिकाधिक दण्डित कराने व प्राचीनतम वादों को त्वरित निस्तारण हेतु उपर्युक्त अभियोग को प्रभावी पैरवी के लिए निर्देशित किया गया। श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक नगर के कुशल नेतृत्व में मॉनिटरिंग सेल द्वारा प्रभावी कार्यवाही एवं सम्यक पैरवी की गई जिसके परिणामस्वरुप दिनांक 21.07.22 को मननीय न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीशध्विशेष न्यायाधीश,पाक्सो एक्ट,(अनन्य) जौनपुर द्वारा आरोपी उपरोक्त को धारा –354क के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध में 01 वर्ष 06 माह के सश्रम कारावास तथा मु0–2,000 रूपये के जुर्माने से दण्डित किया गया, अभियुक्त द्वारा जुर्माना अदा न करने पर उसे दो माह का अतिरिक्त कठोर कारावास भुगतना होगा। अभियुक्त द्वारा पूर्व में बितायी गई कारावास की अवधि इस सजा में समायोजित की जायेगी।

## थाना खेतासराय पुलिस द्वारा एक नाजायज तमंचा के साथ एक व्यक्ति को किया गया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर के कुशल निर्देशन मे अपराध एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर डा0 संजय कुमार एवं क्षेत्राधिकारी शाहगंज श्री अंकित कुमार के पर्यवेक्षण एवं दिशा निर्देशन में थाना खेता सराय जौनपुर पुलिस द्वारा दिनांक 21.07.2022 को करीब 15रू10 बजे पोरई कला से गिरफ्तार किया गया गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0 अ0सं0–130 / 2022 धारा–3 / 25 आर्म्स एक्ट बनाम अखिलेश यादव पुत्र मितालु यादव निवासी पोरई कला थाना खेतासराय जनपद जौनपुर पंजीकृत कर मा0 न्यायालय भेजा जा रहा हैसंक्षिप्त विवरण दिनांक 21ध्07ध् 2022 को ग्राम पोरई कला में सूचना मिली की एक व्यक्ति जिसका नाम अखिलेश यादव है पोरईकला में मारपीट करते समय जनता के लोगों द्वारा बताया गया कि अखिलेश यादव पुत्र मितालु यादव हाथ में तमंचा लेकर घूम रहा था की मौके पर पहुंचकर तमंचा के साथ गिरफ्तार किया गया। नाम पता व आपराधिक इतिहास–1. अखिलेश यादव पुत्र मितालु यादव निवासी पोरई कला थाना खेतासराय जौनपुर।1. मु0अ0सं0–130 / 2022 धारा– 3 / 25 आर्म्स एक्ट थाना खेतासराय जनपद जौनपुर। गिरफ्तारी टीम 1 यजुवेंद्र कुमार सिंह थानाध्यक्ष खेतासराय जनपद जौनपुर।2. उ0नि0 हरिशंकर यादव थाना खेतासराय जनपद जौनपुर।3.हे0का0 शिव गोविंद यादव, का0 त्रिगुण कुमार थाना खेतासराय जौनपुर।

## आदिवासी महिला द्रोपदी मुर्मू का राष्ट्रपति बनने पर भाजपा जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने दी बधाई

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने कहा कि द्रोपदी मुर्मू का पहली महिला आदिवासी राष्ट्रपति होने से न केवल आदिवासी, बल्कि देश में सभी को गर्व की अनुभूति हो रही है, द्रौपदी मुर्मू भारत में राष्ट्रपति पद पर काबिज होने वाली पहली आदिवासी महिला होंगी। ओडिशा के सुदूर मयूरभंज जिले के एक संथाल गाँव से आनी वाली और क्लास 3 की राज्य सरकार की कर्मचारी से लेकर स्कूल शिक्षक तक, राजनेता से लेकर भारत की पहली महिला आदिवासी



राज्यपाल तक, मुर्मू का राजनीतिक जीवन असाधारण रहा है।

## जनपद स्तरीय सांस्कृतिक प्रतिभा खोज का आयोजन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव :जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय ने बताया है कि आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत सांस्कृतिक विभाग द्वारा प्रदेश के सभी जनपदों में सांस्कृतिक प्रतिभा खोज का आयोजन किया जा रहा है। प्रदर्शनकारी सांस्कृतिक विधाओं यथा– लोक गायन, लोक नृत्य, लोक वादन, आदिवासी नृत्य, आल्हा गायन, लोक नाट्य, भजन, ललित कला, आदि के प्रतिभावान कलाकारों की खोज हेतु सांस्कृतिक प्रतिभा खोज का आयोजन जिला स्तर पर 26, 27 व 28 जुलाई, 2022 पूर्वान्ह 11:00 बजे से कलेक्ट्रेट स्थित सामुदायिक भवन (निकट सूचना कार्यालय) में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने ने बताया कि निर्णायक मंडल द्वारा कलाकारों की प्रस्तुति के आधार पर एध्बीध सी श्रेणी में पंजीकृत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि समस्त कलाकारों को अपने वाद्ययंत्र एवं संगतकर्ताओं के साथ आयोजन में भाग लेना होगा। आयोजन संबंधी सभी जानकारियां संस्कृति विभाग की वेबसाइट upculture.up.nic.in पर प्राप्त की जा सकती है, इसके साथ ही जिला सूचना कार्यालय, कलेक्ट्रेट जौनपुर से आवेदन का प्रारूप व आयोजन संबंधी जानकारियां प्राप्त की जा सकती है। इस आयोजन हेतु कलाकारों को अपना आवेदन निर्धारित प्रारूप में भरकर जिला सूचना कार्यालय, जौनपुर में दिनांक 24 जुलाई, 2022 को रविवार होने के कारण 25 जुलाई अपरान्ह 12.00 बजे तक जमा किया जा सकता है।

## जिलाधिकारी द्वारा राजकीय आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय का किया गया औचक निरीक्षण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा विकासखंड सिरकोनी के गयासपुर में बने राजकीय आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि विद्यालय में कुल 172 बच्चे नामांकित है लेकिन मौके पर केवल 17 बच्चे उपस्थित रह ।समाज कल्याण अधिकारी सुनील कुमार सिंह के द्वारा बताया गया कि खाने का टेंडर नहीं हो पाने की वजह से बच्चे नहीं आ रहे हैं, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया गया कि जल्द से जल्द भोजन का टेंडर करा कर सुचारू रूप से पठन–पाठन शुरू कराएं। आश्रम पद्धति के विद्यालय में कुल 21 के सापेक्ष 03 शिक्षक नियुक्त है, जिस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि पत्राचार कर रिक्त पद भरने की कार्यवाही की जाए। उन्होंने परिसर में कर्मचारियों के लिए आवास निर्माण कार्य के संबंध में जानकारी ली और पाया कि निर्माण कार्य की गति बहुत धीमी है, जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित निर्माण संस्था को नोटिस देने के निर्देश जिलाधिकारी के द्वारा दिए गए। विद्यालय के आसपास झाड़ियां उगी हुई पाई गई जिसे तत्काल सफाई कराए जाने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिए गए। जिलाधिकारी के द्वारा छात्रावास, शौचालय सहित विभिन्न कक्षों का बारीकी से निरीक्षण करते हुए कहा कि विद्यालय में सभी प्रकार की व्यवस्थाएं चुस्त–दुरुस्त की जाए। भविष्य में किसी भी प्रकार की शिकायत न मिलने पाए। इस दौरान प्रधानाचार्य अशोक कुमार सिंह, अध्यापिका कामना सिंह एवं शशि मौर्या, छात्रावास इंचार्ज नीता श्रीवास्तव उपस्थित रही।

## थाना लाइन बाजार पुलिस ने चोरी की पांच मोटरसाइकिल के साथ दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के द्वारा अपराध की रोकथाम एवं अपराध एवं अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी नगर के मार्गदर्शन में उ0नि0 चन्दन कुमार राय मय हमराह के देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्तिध्वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर रामघाट के पास से दो व्यक्तियों को चोरी की दो मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया इस दौरान एक व्यक्ति मौके का फायदा उठा कर भाग गया। गिरफ्तार अभियुक्त शिवम यादव के कब्जे से एक तमंचा 315 बोर बरामद हुआ। दोनो पकड़े गये व्यक्तियों से कड़ाई से पूछताछ की गयी तो बताया कि शुभम यादव ने और भी गाड़िया चोरी की जो शुभम यादव ने अपने घर पर छिपा कर रखा है उनके निशानदेही



पर सुभम यादव के घर से तीन चोरी की मोटर साइकिल को बरामद किया गया। अभियुक्तगण को मा0 न्यायालय भेजा जा रहा है।गिरफ्तार अभियुक्त–1. शिवम यादव उर्फ भद्दू पुत्र शंकर यादव नि0 इमलो थाना जफराबाद । 2. संजय गुप्ता उर्फ खिचड़ू पुत्र सुभाष चन्द्र गुप्ता नि0 सेबईनाला थाना जफराबाद ।फरार अभियुक्त–1.शुभम उर्फ कद्दू पुत्र शंकर यादव नि0 इमलो थाना जफराबाद जनपद जौनपुर।आपराधिक इतिहास–1.मु0अ0सं0–290 / 22 धारा–41/411/419/420/467/468 भा0द0वि0 थाना लाइनबाजार जौनपुर।2. मु0अ0सं0–291 / 22 धारा–3ध्25 आर्म्स एक्ट थाना लाइनबाजार जौनपुर।3. मु0अ0स0–92 / 2022 धारा–379 भा0द0वि0 थाना सरायख्वाजा जौनपुर।बरामदगी का विवरण–1.टी0वी0एस0 अपाचे सफेद रंग जिस पर नं0 UP62CD1621 अंकित है वास्तविक नं0 DL35AU7495 है।2.सुपर स्पलेण्डर काले रंग की जिस पर नं0 UP62AN4672 अंकित है वास्तविक न0 UP50BB2025 है।3.सुपर स्पलेण्डर ब्लैक कलर बिना न0 की जिसकी चेचिस न0 MBWA05EME9A11807 को ईचालान ऐप पर चेक किया गया तो रजिस्ट्रेशन न0 UP62AN7148 है।4.टी0वी0एस0 अपाचे रेड कलर जीस पर नं0 UP63J0050 अंकित है।5.टी0वी0एस0 अपाचे रेड कलर जो बिना न0 की है जिसके चेचिस न0 MD634BE41H2D41721 को ई चालान ऐप से चेक किया गया तो गाडी का रजि0 न0 क्स85ब्ठ9812 अंकित है।6. एक देशी तमंचा 315 बोर। गिरफ्तार करने वाली टीम–1.उ0नि0 चन्दन कुमार, चौकी प्रभारी चौकिया धाम , थाना लाइनबाजार जौनपुर ।2.उ0नि0 आशुतोष कुमार गुप्ता, चौकी प्रभारी टी0डी0 कालेज थाना लाइनबाजार, जौनपुर । 3.का0 कुलदीप मौर्या, का0 हिमांशु राव, का0 धर्मेन्द्र कुमार सिंह, का0 विजय प्रकाश, थाना लाइनबाजार जौनपुर।

## मुफ्तीगंज ब्लॉक में ब्लॉक स्तरीय प्रधानाध्यापक उन्मुखीकरण कार्यक्रम सम्पन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव :आज स्थानीय ब्लाक मुफ्तीगंज के बाबा प्रसिद्ध नारायण महाविद्यालय बगथरी मुफ्तीगंज के प्रांगण में बेसिक शिक्षा तत्वाधान में आयोजित निपुण भारत के अंतर्गत ब्लाक स्तरीय प्रधानाध्यापक उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया स आयोजन के मुख्य अतिथि डायट प्राचार्य डा0 सच्चिदानंद यादव जी रहे स और विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ प्रवक्ता डा0 मनीष सिंह और डा0 रविंद्र यादव जी रहे स कार्यक्रम की शुरुआत डायट प्रवक्ता डॉ सच्चिदानंद यादव और खंड शिक्षा अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव जी ने सरस्वती प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन करके किया स प्राचार्य डा0 सच्चिदानंद यादव ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र की धुरी हैं, वही देश का भविष्य बनाते हैं। उन्मुखीकरण से उनकी कार्यशैली में प्रखरता आयेगी। डॉ. रविंद्र यादव ने कहा कि शिक्षक द्रोणाचार्य हैं आप से आशा ही नहीं बल्कि विश्वास है कि आप निश्चित ही राष्ट्र को अनगिनत अर्जुन देंगे। खंड शिक्षा अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव ने प्रबंध समिति गठन, आपरेशन कायाकल्प, निपुण भारत के साथ संगोष्ठी व उन्मुखीकरण पर प्रकाश डाला स कवि हृदय



डायट प्राचार्य डॉ सच्चिदानंद यादव जी ने कविताओं और गीतों के माध्यम से अध्यापकों में ऊर्जा का संचार किया स कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक अध्यक्ष राम दुलारे यादव ने किया स जिला महामंत्री सतीश पाठक और अशोक सिंह जी ने निपुण भारत के बारे में विस्तार से चर्चा किए स कार्यक्रम कि अध्यक्षता खण्ड शिक्षा अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव जी ने किया सरमेश सिंह रामा आशीष सिंह, मनोज सिंह राजकुमार यादव रामकृपाल यादव, रघुराज चंदन यादव शशि कुमार राय, ममता गुप्ता प्रीति सिंह बंदना प्रजापति आदि लोग उपस्थित रहे।

# एनक्वास की टीम ने जिला महिला अस्पताल का किया मूल्यांकन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : राष्ट्रीय क्वालिटी एश्योरेंस सर्टिफिकेट (एनक्वास), लक्ष्य तथा मुस्कान कार्यक्रम के तहत अस्पताल में उपलब्ध सेवाओं और सुविधाओं का मूल्यांकन करने के लिए केंद्र सरकार की तीन सदस्यीय टीम ने जिला महिला चिकित्सालय का तीन दिवसीय दौरा (18 से 20 जुलाई तक) किया। जिला महिला अस्पताल की मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) डॉ तबस्सुम बानो, नोडल अधिकारी डॉ एके पांडे तथा डॉ संदीप सिंह ने बताया कि अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं का मूल्यांकन करने आई टीम ने इस दौरान लेबर रूम, आपरेशन थियेटर, रेडियोलॉजी सहित कुल 11 विभागों की गहनता से जांच और मूल्यांकन किया। अस्पताल में उपलब्ध सुविधाएं, मरीजों से संबंधित जानकारी, विभिन्न विभागों में उपलब्ध सेवाएं, अस्पताल चलाने के लिए जरूरी मानव संसाधन, उपकरण, दवा, साफ–सफाई, बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट, लांड्री, भोजन व्यवस्था, इंफेक्शन कंट्रोल व्यवस्था, मरीजों की उपचार सुविधा, विभागों का गुणवत्ता प्रबंधन तथा मासिक आंकड़ों के बारे में तीमारदारों, मरीजों, आमलोगों तथा अस्पताल के कर्मचारियों से बातकर तथा वास्तविक स्थिति देखकर जानकारी ली। टीम में कर्नाटक की डॉ गुनाशीला बी, जबलपुर के डॉ आदर्श विश्नोई तथा मेघालय के डॉ बालाहुन पोशनगप शामिल थे। सिक न्यू बार्न चाइल्ड केयर यूनिट (एसएनसीयू) के नोडल डॉ संदीप सिंह ने बताया कि जिला महिला अस्पताल प्रदेश की पहली चिकित्सा इकाई है जिसके एसएनसीयू की जांच मुस्कान योजना में की जा रही है। जिला महिला अस्पताल के प्रबंधक डॉ आशीष यादव ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्रदेश के सभी सरकारी अस्पतालों में कायाकल्प अवार्ड योजना चलाई जा रही है। इसके माध्यम से मरीजों की संतुष्टि, स्वास्थ्यकर्मियों का व्यवहार–आचरण, अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं तथा मरीजों को कोई कष्ट न हो आदि विषयों को परखा जा रहा है। अस्पताल कर्मचारियों का




स्वास्थ्य, उनका आचरण–व्यवहार, अस्पतालों में होने वाले इन्फेक्शन से बचाव, के लिए ड्रेस कोड पालिसी तथा मरीजों के साथ आनेवाले तीमारदारों को दी जाने वाली सुविधाओं का भी वर्ष 2022 के लिए मूल्यांकन हो रहा है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक (डीपीएम) सत्यव्रत त्रिपाठी ने बताया कि इस वर्ष 30 मई को घोषित कायाकल्प अवार्ड योजना में जनपद के आठ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) सफल हुए। लगातार पांचवें वर्ष सीएचसी डोभी ने इस अवार्ड में टाप 10 में जगह बनाई। इस वर्ष उसे तीसरा स्थान मिला। सीएचसी रेहटी, शाहगंज और नौपेड़वा ने पहले प्रयास में इसमें जगह बनाई। रेहटी को 18वां और शाहगंज को 43वां स्थान मिला। सीएचसी मछलीशहर 53 स्थान पर है। बरसठी लगातार दूसरे वर्ष कायाकल्प योजना में पुरस्कृत हुआ है। इस बार उसे 55वां स्थान मिला है। मुफ्तीगंज 99वें स्थान पर, बदलापुर 193 स्थान पर तथा नौपेड़वा 198 स्थान पर पुरस्कृत हुआ है। क्वालिटी एश्योरेंस के जिला सलाहकार डॉ क्षितिज पाठक बताते हैं कि किसी भी स्वास्थ्य इकाई को कायाकल्प योजना में पुरस्कृत होने के लिए तीन चरणों से गुजरना होता है। पहले चरण में हॉस्पिटल के कर्मचारी और जिला क्वालिटी टीम चिकित्सालयों का मूल्यांकन करती है जिसमें 70 प्रतिशत या उससे अधिक अंक पाने पर राज्य की ओर से नामित दूसरे जिले की क्वालिटी टीम उसका क्रास वेरीफिकेशन करती है। इसमें 70 प्रतिशत या उससे अधिक अंक पाने पर उसका अंतिम मूल्यांकन किया जाता है जिस में 70 प्रतिशत या उससे अधिक अंक पाने पर प्राप्त अंकों के आधार पर स्टेट वार रैंकिंग तैयार की जाती है। इन सात बिन्दुओं पर प्रतिभाग करने वाली स्वास्थ्य इकाइयों का मूल्यांकन किया जाता है। इसके लिए 600 अंक निर्धारित हैं जो इस प्रकार हैं। 1–चिकित्सालय का रखरखाव (इसके लिए 100 अंक निर्धारित हैं)2–साफ–सफाई (100 अंक)3–बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट ((100 अंक) 4–संक्रमण नियंत्रण (100 अंक) 5–सहयोगी सेवाएं (50 अंक) 6–साफ–सफाई के प्रति जागरूकता (50 अंक) 7–समुदाय से सम्पर्क (100 अंक)

## नीति विरुद्ध किये गये स्थानांतरण को लेकर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद जता रहा फीता बांधकर अपना विरोध

लखनऊ डीकेयू ब्यूरो : स्वास्थ्य महानिदेशालय द्वारा ऑप्टोमेट्रिस्ट संवर्ग सहित अन्य संवर्ग में किए गए नीति विरुद्ध किये गये स्थानांतरण को निरस्त किए जाने की मांग को लेकर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के आवाहन पर दिनांक 21 जुलाई से 24 जुलाई तक फीता बांधकर अपना विरोध जता रहे इसी क्रम में राजकीय ऑप्टोमेट्रिस्ट एसोसिएशन , उत्तर प्रदेश के प्रांतीय अध्यक्ष श्री जी. एम.सिंह ने बताया कि उनके संवर्ग में एक तरफ तो महानिदेशालय द्वारा किए गए स्थानांतरण में सरकार की मंशा के विपरीत गंभीर रोगों से ग्रसित ब्लड कैंसर , हृदय रोग आदि से पीड़ितों का स्थानांतरण कर दिया गया वहीं दूसरी ओर जनपदीय पदाधिकारियों के स्थानांतरण किए जाने के साथ ही साथ ऐसे भी स्थानांतरण किए गए हैं जहां पर पद ही उपलब्ध नहीं है,राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के आव्हान पर राजकीय ऑप्टोमेट्रिस्ट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष पी के वार्ष्णेय जी ने काला फीता बांधे हुए विरोध प्रकट करते हुए बताया की कुछ ऑप्टोमेट्रिस्ट साथियों के जिनका कार्यकाल 2 वर्ष से भी कम बचा हुआ है उनका स्थानांतरण अन्यत्र मंडल में दूर से दूर के जनपद में किया गया है जबकि शासन की नीति है कि 02 वर्ष से कम अवधि में रिटायर होने वाले कर्मचारियों का स्थानांतरण ना किया जाए। ऑप्टोमेट्रिस्ट का एकल पद होने के बावजूद कई सारे जनपदों के मुख्य चिकित्सा अधिकारियों द्वारा पटल परिवर्तन कर एक स्थान से दूसरे स्थान पर पटल परिवर्तन के नाम पर स्थानांतरित किया गया जोकि नीति के विरुध है। अगर शासन ने मांगे नहीं मानी तो मजबूरन सभी संगठनों को बड़ा आंदोलन करना पड़ेगा इसमें राजकीय ऑप्टोमेट्रिस्ट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश संगठन भी पीछे नहीं रहेगा

इन्हीं सब नीति विरुद्ध किए गए अनियमित स्थानांतरण के विरोध में 24 जुलाई के बाद दिनांक 25 जुलाई दिन सोमवार को प्रदेश के सभी ऑप्टोमेट्रिस्ट अपने संगठन के आवाहन पर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के नेतृत्व में समस्त जनपदों के मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय पर धरना देकर अनीतिगत स्थानांतरण को निरस्त किए जाने के लिए काला फीता बांधकर अपना आक्रोश और असंतोष व्यक्त कर रहे हैं उल्लेखनीय है कि दिनांक 21 जुलाई से लेकर 30 जुलाई तक चालाए जा रहे चरणबद्ध कार्यक्रम में यदि विभाग दद्वारा शासन की मंशा के विपरीत किये गए स्थानांतरण यदि निरस्त नहीं किये जाते हैं तो आने वाले समय में एक बड़ा आंदोलन क्या जा सकता है जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी विभाग की होगी ।

# शामली की दिया नामदेव 10वीं में टॉप, हासिल किए सौ प्रतिशत अंक : पूरे जिले में जश्न का माहौल

शामली ब्यूरो : सीबीएसई बोर्ड ने शुक्रवार को 12वीं और 10वीं का परीक्षा परिणाम जारी दिया है। वहीं शामली जिले में स्कॉटिश इंटरनेशनल स्कूल की 10वीं की छात्रा दिया नामदेव शत प्रतिशत अंक पाकर नेशनल टॉपर बनी है। रिया ने 500 में से 500 अंक प्राप्त किए हैं। वहीं 12वीं में सिल्वर बेल्स पब्लिक स्कूल की छात्रा अपूर्वा तायल व बीएसएम स्कूल की छात्रा प्रियांशी देशवाल ने सयुंक्त रूप से 99.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। दोनों छात्राओं ने जिले में सबसे अधिक अंक प्राप्त किए हैं। वहीं बिजनौर में कक्षा 12वीं के तीन छात्र–छात्रा जिला टॉपर बने हैं। इनमें एलआरएस अकादमी स्कूल की घृताची गुप्ता ने 99.4, सेंट मेरी धामपुर की छात्रा चौतन्या मिगलानी ने 99.2 और डीडीपीएस बिजनौर की रिद्धि अग्रवाल ने 98.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। हर्षिता 99 प्रतिशत अंक लेकर बनी टॉपर बागपत में बड़ागांव के स्यादवाद स्कूल की छात्रा हर्षिता जैन ने 12वीं में 99 फीसदी अंक प्राप्त कर जिला टॉप किया है। बताया गया कि त्रिलोक तीर्थ धाम जैन मंदिर के प्रबंधक त्रिलोकचंद जैन की बेटी हर्षिता ने जनपद में सर्वाधिक 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला टॉप किया है। हर्षिता ने कक्षा दस में भी 98 प्रतिशत अंक प्राप्त



कर नाम रोशन किया था।बिना कोचिंग की तैयारी हर्षिता ने बताया कि उसने परीक्षा की तैयारी स्यादवाद स्कूल के शिक्षकों और अपने इंजीनियर भाई हर्ष जैन के मार्गदर्शन में की है। घर पर मां रेखा जैन ने बेहतर खानपान के साथ परीक्षा तैयारी में मदद की। डॉक्टर बनना चाहती है हर्षिता जिला टॉपर हर्षिता ने बताया कि उसने हॉल ही में संपन्न हुए नीट के एग्जाम को दिया है। वह एमबीबीएस करके जनसेवा करना चाहती है।

# प्रमोशन पाने के छह माह बाद डेढ़ दर्जन डीआईजी रैंक के आईपीएस अफसरों को मिली तैनाती

लखनऊ ब्यूरो : शासन ने आधी रात में छह माह पहले प्रमोशन पा चुके डेढ़ दर्जन आईपीएस अफसरों को नए पद पर तैनाती दे दी। यह सभी अफसर डीआईजी रैंक के हैं। इन्हें जनवरी में एसपी से डीआईजी की रैंक में प्रमोशन मिला था। खास बात यह है इसमें से अधिकतर को उसी जगह पर डीआईजी बनाया गया है जहां पर अभी तक वह एसपी के तौर पर काम कर रहे थे। जिन अफसरों का तबादला हुआ है, इसमें एसपी रेलवे सौमित्र यादव को यूपी 112, बाबूराम को ईओडब्ल्यू से सीबीसीआईडी, गीता सिंह को सीबीसीआईडी से अभियोजन मुख्यालय, कोलांची को पीएसी आजमगढ़ से साइबर क्राइम लखनऊ, सर्वेश राणा को विशेष जांच प्रकोष्ठ से खाद एवं रसद, जुगल किशोर को अभी सूचना मुरादाबाद से दूरसंचार विभाग लखनऊ, विनोद कुमार मिश्रा को सीबीसीआईडी से भ्रष्टाचार निवारण संगठन लखनऊ, बालेंद्र भूषण को एसआईटी से लॉजिस्टिक, राजीव मल्होत्रा को भ्रष्टाचार निवारण संगठन से पीटीएस उन्नाव, अखिलेश कुमार निगम को फूड सेल से ईओडब्ल्यू और योगेश सिंह को 25 वी वाहिनी पीएसी रायबरेली से महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन लखनऊ के पद पर स्थानांतरित किया गया है। वही एससीआरबी में तैनात सभा राज, विशेष जांच प्रकोष्ठ में




तैनात स्वामी प्रसाद, अभिसूचना मुख्यालय में तैनात रमेश, फूड सेल में तैनात दयानंद मिश्रा, तकनीकी सेवाएं में तैनात डॉ अरविंद भूषण पांडे, अभिसूचना में तैनात लल्लन सिंह और प्रशिक्षण निदेशालय में तैनात महेंद्र यादव को उसी शाखा में एसपी के स्थान पर डीआईजी बना दिया गया है।

# खाद्य एवं रसद मंत्री ने की जनपद के विकास कार्यों की समीक्षा

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता) सूबे के राज्यमंत्री खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति उत्तर प्रदेश शासन सतीश चंद्र शर्मा ने सर्किट हाउस स्थित सभागार में जनपद के विकास कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में माननीय राज्य मंत्री द्वारा हर घर जल योजना, नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत कराए जाने वाले कार्यो की समीक्षा बैठक की।इस मौके पर उन्होंने सिंचाई विभाग के द्वारा संचालित बाढ़ परियोजनाओं, पशुधन विभाग के निराश्रित गौ वंशों को स्थाई और अस्थाई गौ–आश्रय स्थलों में संरक्षित करने, निशुल्क राशन वितरण कार्यक्रम, गेहूं खरीद, उर्वरक एवं बीज की उपलब्धता एवं वितरण, विद्युत आपूर्ति, गोल्डन कार्ड, दवाओं की उपलब्धता, कोविड–19 टीकाकरण की जानकारी संबंधित अधि ाकारियों से ली। वही इसी कड़ी में उन्होंने निर्माणाधीन संचालित मेडिकल कॉलेजों की स्थिति, प्रध ाानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, स्मार्ट सिटी परियोजना, जनसुनवाई पोर्टल के माध्यम से हो रही जन शिकायतों के निस्तारण की स्थिति, जनपद में कानून व्यवस्था, यातायात प्रबंधन हेतु किए जा रहे प्रयासों, गृह विभाग द्वारा शिकायतों के निस्तारण की स्थिति पंचायती राज विभाग नगर विकास विभाग, बेसिक शिक्षा, उच्च शिक्षा, व्यवसायिक शिक्षा, प्राविधिक शिक्षा, राजस्व, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग आदि द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रगति की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं को गांव के प्रत्येक करीब तक बिना भेदभाव के पहुंचाया जा रहा है उन्होंने विभिन्न योजनाओं के पात्र प्रत्येक लाभार्थियों तक भी योजनाओं को पहुंचाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस मौके पर उन्होंने सभी कार्यों में गुणवत्ता एवं पारदर्शिता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। अधिकारियों को नियमित क्षेत्र का विजिट कर योजनाओं को पूरी तन्मयता ,पारदर्शिता एवं गुणवत्ता पूर्ण ढंग से संचालन सुनिश्चित करने को कहा। माननीय मंत्री जी द्वारा अवगत कराया गया कि उनके द्वारा चिकित्सालय एवं ग्रामीण क्षेत्रों के विजिट में स्थिति ठीक–ठाक पाई गई जो भी कमियां मिली थी उनसे मुख्य विकास अधिकारी सहित संबंधित विभाग के अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है तथा कमियों को शीघ्र ही दूर करने हेतु निर्देशित किया गया है। समीक्षा बैठक के दौरान विभिन्न योजनाओं के विभागाध्यक्ष द्वारा योजनाओं की प्रगति की जानकारी प्रदान की गई।इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा अयोध्या जनपद एवं मंडल में अयोध्या विजन के अंतर्गत चलाई जा रही विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में अयोध्या विजन के अंतर्गत मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का निर्माण कार्य तीव्र गति से चल रहा है 2200 सौ मीटर रनवे सहित फेज वन का कार्य शीघ्र पूर्ण कर लिया जाएगा इसी के साथ ही फेज 2 व फेज 3 के कार्य हेतु 94.5ः भूमि का अर्जन कार्य पूर्ण हो चुका है।इसी के साथ ही अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन के फेज वन के अंतर्गत टर्मिनल का कार्य पूर्ण हो गया है तथा भेज दो हेतु भूमि रेलवे को प्रदान की जा चुकी है जिसका कार्य शीघ्र प्रारंभ होगा। अयोध्या के महत्वपूर्ण 8 कुंडों के जीर्णोद्धार का कार्य अयोध्या विकास प्राधि ाकरण अयोध्या द्वारा किया जा रहा है। आवागमन की सुविधा को और सुचारू बनाने के दृष्टिगत 7 रेलवे ओवर ब्रिज स्वीकृत है जिसमें से पांच पर कार्य प्रारंभ हो चुका है। इसी के साथ ही 5 कोसी व 14 कोसी परिक्रमा मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य भी किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि क्वीन हो मेमोरियल पार्क का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है शीघ्र ही उसका उद्घाटन किया जाना है। इस मौके पर जिलाधिकारी ने बताया कि ऑपरेशन कायाकल्प योजना के अंतर्गत जनपद प्रदेश में चौथे स्थान पर है। इसी के साथ ही जनपद में 500 पंचायत भवनों में पुस्तकालय का संचालन प्रारंभ कर दिया गया है सभी पुस्तकालयों में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार साहित्य अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं जिससे ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त होने में सुगमता हो सकेगी इसी के साथ ही प्रत्येक पुस्तकालय में ग्रामीण बच्चों की मांग के अनुरूप विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की अच्छे लेखकों एवं प्रकाशको की पुस्तकें भी उपलब्ध कराई गई हैं। सभी पुस्तकालयों में नियमित समाचार पत्रों की की उपलब्धता भी सुनिश्चित की गई है। उन्होंने कहा कि पंचायत भवनों को मिनी सचिवालय के रूप में संचालित किया जाएगा वहीं बैठक में अंत में जिलाधिकारी ने धन्यवाद ज्ञापित किया गया तथा प्राप्त निर्देशों के अनुपालन हेतु आश्वस्त किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी नितीश कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा, विधायक रुदौली राम चन्द्र यादव, महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि, प्रभागीय वन अधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# सूत्रों के मुताबिक अभी और कुछ एसआई व इंस्पेक्टर की जा सकती है चौकी व थानेदारी

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)सूत्र के मुताबिक जिले में कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त बनाये रखने के लिये वरिष्ठ पुलिस अध ाीक्षक प्रशांत वर्मा की पैनी नजर जहां एक ओर अपराध व अपराधियो पर है वहीं इसी कड़ी में उनकी नजर अपने अधीनस्थ पुलिस कर्मियों के कार्य प्रणाली पर भी है।जिसका परिणाम यह रहा कि अभी एक दिन पहले उन्होंने तीन दर्जन से अधिक पुलिस कर्मियों के कार्य क्षेत्र फेरबदल किया। इसके अलावा सूत्र के मुताबिक वे अभी और सब इंस्पेक्टर व इंस्पेक्टर के कार्यक्षेत्र में फेरबदल कर सकते है।जिसमें कुछ की चौकी तो कुछ की थानेदारी जा सकती है।मालूम हो कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने देर रात जिले में तैनात साढ़े तीन दर्जन दरोगाओ के तबादला कर पुलिस कर्मियों को सख्त हिदायत दी है कि वे किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं करेंगे।सूत्र के मुताबिक अब उनकी पैनी नजर



शहरी क्षेत्र में तैनात पुलिस कर्मियों की सूची पर है।श्रावण मास मेला को लेकर अयोध्या में आने वाले कांवरियों और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के चलते शहरी क्षेत्र में तैनात दरोगा और थानेदारो का फिलहाल स्थानांतरण नहीं हुआ है।

# सप्ताह भर पहले बनी भरभरा कर गिरी नाले की दीवार,मामला उप जिलाधिकारी के संज्ञान में

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) इस समय जहां एक ओर योगी सरकार शासन में जहां भ्रष्टाचारियों के खिलाफ ध ाड़ाधड़ कार्यवाही देखने को मिल रही है।वही ठीक इसके विपरीत पीड़ितों के मुताबिक जिले के ग्राम पंचायत स्तर ब्लॉक स्तर पर भ्रष्टाचार रुकने का नाम नहीं ले रहा है। जिसमें ग्राम प्रधान, प्रधान पति और उनके सगे संबंधी ग्राम सभा का कार्य करवाने की जिम्मेदारी उठाए हुए हैं।जिसका जीता जागता उदाहरण जिले के माया बाजार विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत अरवत में मिला। वहां के लोगो का मानना है कि लगभग तीन लाख की लागत से नाला निर्माण का कार्य हुए अभी एक समाप्त भी नहीं हो पाया कि हल्की सी बारिश से एक तरफ की पूरी दीवार ढह गई।गौरतलब हो कि यह नाला ही ग्राम पंचायत की जल निकासी का मुख्य नाला है इस नाले से करीब 3,4 ग्रामसभा का पानी बहता है। सूत्र के मुताबिक लोगों ने बताया कि कार्य का ठेका लेने वाले ठेकेदार जो मौके पर ईट हटवाने का कार्य कर रहे हैं। उनसे जानकारी चाही तो ठेकेदार ने लापरवाही से उत्तर दिया कि गिर गया तो गिर गया क्या करूं। वही ढंग से बात नहीं की पता लगाने पर पता चला कि ठेकेदार रामगोपाल ग्राम प्रधान श्रीमती पुष्पा देवी के सगे देवर हैं और माह अप्रैल , मई के मध्य ठेकेदारी का रजिस्ट्रेशन करवा कर नया नया कार्य शुरू किया है गौरतलब हो कि ग्राम पंचायत अरवत में सरकारी धन का उपयोग सही ढंग से ना करने की शिकायत ग्राम पंचायत के आम जनों द्वारा सुनने को मिलती रहती है टीए राम सजन द्वारा अपना कार्य एक नॉनटेक्निकल व्यक्ति से करवाया जाता है जो एस्टीमेट बनाने से लेकर एम वी तक का कार्य करता है जिसको मयाबाजार खंड विकास कार्यालय अच्छी तरह जानता है उक्त व्यक्ति इसी ग्राम पंचायत का व्यक्ति है जिसकी उपलब्धि और वर्तमान आर्थिक स्तर की जांच की जा सकती है और उससे पहले भी उसकी आर्थिक स्थिति का अवलोकन पता किया जा सकता है उक्त नाला भी इसी गोरखधंधे की कड़ी है जिसकी लागत में बंदरबांट करने की नियत से घटिया स्तर के निर्माण का परिणाम है उक्त महत्वपूर्ण नाले की दीवार का धराशाई होना।इस संबंध में उप जिला अधिकारी ने बताया कि वे इस संबंध में खंड विकास अधिकारी से बात करेंगे।

# योगी जी और मोदी जी जोड़ी ने योग को विश्व पटल पर एक पहचान दिलाई – जयवीर सिंह

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जोड़ी ने योग को विश्व पटल पर एक पहचान दिलाई। यह प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी का देश के प्रति अगाध प्रेम तथा मन, वचन और कर्म का ही नतीजा है कि योग का लोहा सिर्फ संयुक्त राष्ट्र ही नहीं बल्कि विश्व के सभी देशों ने माना और 21 जून को पुरे विश्व ने योग दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया।यह बात आज राष्ट्रीय एकता मिशन द्वारा ष्मानवता व शांति के लिए योगष पर आयोजित एक विचारगोष्ठी में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कही।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आह्वान पर पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने घर घर तिरंगा अभियान का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने अभियान के संयोजक डा. मौलिनदू मिश्र की उपस्थिति में श्घर घर तिरंगा अभियानश स्मृति पट जारी सभी से अभियान में शामिल होनी की अपील की। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय एकता मिशन के मार्गदर्शक स्वामी मुरारी दास ने कहा कि राष्ट्रीय एकता मिशन आगामी 1 अगस्त से 17 अगस्त तक हर घर में तिरंगा फैराये जाने का अभियान चलाएगा। भारत एक शान्ति प्रिय देश है यहाँ सदियों से लोग आपसी मोहब्बत और मेलजोल के साथ रहते आए हैं और आगे भी रहेंगे। घर घर तिरंगा अभियान से न केवल देश का गौरव बढ़ेगा बल्कि देश विरोधी ताकतें कमजोर होंगी। अभियान के संयोजक डा. मौलिनदू मिश्र ने बताया की इस अभियान के तहत संगठन का लक्ष्य है कि आगामी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लगभग 50 लाख परिवारों को अभियान से जोड़कर घरों में तिरंगा फैराना सुनिश्चित किया जाएगा।इस गोष्टी को भाजपा नेता अशोक सिंह, राजेश सिंह सेंगर, श्रीमती रूबी सिंह और लुआक्टा पूर्व अध्यक्ष डा. मोलेन्दु मिश्र ने सम्बोधित किया। गोष्टी में श्रीमती अंजना सिंह सेंगर ने मानवता के लिए योग पर काव्यपाठ किया। इस कार्यक्रम का संयोजन ज्ञानेंद्र सिंह श्बाबाश ने किया एवं संचालनध अतुल सिंह ने किया। इस कार्यक्रम के आयोजन में सुनील यादव, अमित सिंह, रानू सिंह, महेश सिंह एवं फरहान का विशेष योगदान रहा।

# जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा ट्रामा सेंटर हौज का औचक किया गया निरीक्षण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा ट्रामा सेंटर हौज का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एक चिकित्सक अनुपस्थित मिले जिनकी जांच कराकर उचित कार्यवाही करने के निर्देश जिलाधिकारी के द्वारा दिए गए। इस दौरान जिलाधि ाकारी के द्वारा दवाओं की उपलब्ध ाता के संबंध में जानकारी प्राप्त की गयी। उन्होंने चिकित्सा अध ाीक्षक अजय सिंह से विस्तृत जानकारी ली कि दुर्घटना होने के उपरांत किस प्रकार मरीजों का इलाज किया जाता है। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि ट्रामा सेंटर में बने ऑपरेशन थिएटर को सक्रिय किया जाए। सिटी टेक्नीशियन अभिषेक कुमार पटेल के द्वारा बताया गया कि ट्रामा सेंटर पर प्रतिदिन 40 से 45 मरीजों का सिटी स्कैन किया जाता है। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि सीएमएस के व्हाट्सएप पर भी प्रतिदिन सूचना दी जाए कि कितने मरीज जिला अस्पताल से रेफर होकर ट्रामा सेंटर में सिटी स्कैन कराने आते हैं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि ट्रामा सेंटर में विद्युत आपूर्ति की समस्या रहती है जिससे सीटी स्कैन होने में समस्या उत्पन्न होती है, जिसपर जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि एक्सईएन हाइडिल मौके पर निरीक्षण कर ट्रामा सेंटर के फीडर को शहर के फीडर से जोड़ने का कार्य करें। इस दौरान जिलाधि



ाकारी के द्वारा सीटी स्कैन कराने आए शमीम अंसारी से ट्रामा सेंटर में दी जा रही सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। जिलाधि ाकारी ने कहा कि ट्रामा सेंटर में मरीजों के बैठने एवं पेयजल की उचित व्यवस्था रहे। इस अवसर पर खुर्शीद आलम, नीरज प्रजापति, आलोक यादव, प्रियंका पटेल, तनीमा यादव सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

# कुमारगंज क्षेत्र में पढ़ाई के दौरान आठवीं कक्षा के छात्र की गिरने से हुई मौत

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) जिले के कुमारगंज स्थित आचार्य नरेंद्र देव कृषि व प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के परिसर में स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में पढ़ाई के दौरान कक्षा आठ का छात्र बेहोश होकर सीट से गिर पड़ा।जिसे आनन–फानन में उसे अस्पताल पहुंचाया गया,जहां उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद विश्वविद्यालय परिसर सहित समूचे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। वही इस घटना को लेकर अभिभावकों में तगड़ा रोष दिखा। सूत्र के मुताबिक सुल्तानपुर जनपद अंतर्गत बीही निढूरा गांव के पूरे चानिका मिश्र निवासी संतोष मिश्रा का 13 वर्षीय बेटा पार्थ मिश्रा डीएवी पब्लिक स्कूल में 8वीं का छात्र था। पार्थ कक्षा 11 की छात्रा व अपनी बड़ी बहन श्रुति मिश्रा के साथ ई–स्कूटी से बृहस्पतिवार को विद्यालय में पढ़ने आया था।जहां क्लासरूम में शिक्षण कार्य चल रहा था कि तभी अचानक पार्थ मिश्रा अपनी सीट पर ही चक्कर खाकर लुढ़क गया। वही बगल के छात्रों ने पार्थ को संभाला और पढ़ा रहे शिक्षक को जोर से चिल्ला कर पार्थ के बेहोश होने की जानकारी दी। इसके बाद विद्यालय में अफरा–तफरी मच गई।इसकी सूचना मिलते ही प्रधानाचार्य पुष्पा भी मौके पर पहुंच गईं और विद्यालय के शिक्षक विश्वविद्यालय परिसर स्थित चिकित्सालय न ले जाकर 100 सैय्या संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज पिठला के लिए रवाना हुए। अस्पताल के डॉक्टरों ने छात्र को देखते ही मृत घोषित कर दिया। उध ार, घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और भारी संख्या में ग्रामीण अस्पताल परिसर में पहुंच गए अस्पताल पहुंचे और काफी हंगामा किया।आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय चौकी प्रभारी संतोष मौर्या ने बताया कि परिवारीजनों ने लिखित रूप से दिया है हम पोस्टमार्टम नहीं कराना चाहते हैं बच्चे के शव को अपने घर ले जाएंगे।

# रुदौली के भाजपा विधायक रामचंद्र यादव को हाई कोर्ट से मिली बड़ी राहत

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) सूत्र के मुताबिक हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने अयोध्या के रुदौली से भाजपा विधायक रामचंद्र यादव को बड़ी राहत देते हुए, उनके खिलाफ चल रहे के आपराधिक मुकदमे को वापस लिए जाने की अनुमति देने के मामले में विशेष न्यायालय, एमपी–एमएलए, फैजाबाद को पुनर्विचार के आदेश दिए हैं।इसके साथ ही न्यायालय ने उस आदेश को भी खारिज कर दिया है जिसके तहत मुकदमा वापसी सम्बंधी राज्य सरकार के प्रार्थना पत्र को विशेष न्यायालय ने अस्वीकार कर दिया था। यह आदेश न्यायमूर्ति दिनेश कुमार सिंह की एकल पीठ ने विधायक रामचंद्र यादव की याचिका पर पारित किया। याचिका में कहा गया था कि याची के खिलाफ रुदौली थाने में वर्ष 2012 में एक एफआईआर दर्ज की गई थी। उक्त एफआईआर राजनीतिक द्वेषवश दर्ज कराई गई थी। राज्य सरकार ने वर्ष 2021 में उक्त मुकदमे को वापस लेने का फैसला किया व एमपी–एमएलए कोर्ट में इस सम्बंध में एक प्रार्थना पत्र भी दाखिल किया। लेकिन 27 अक्टूबर 2021 को एमपी–एमएलए कोर्ट ने यह कहते हुए, सरकार के प्रार्थना पत्र को खारिज कर दिया कि बिना हाईकोर्ट से अनुमति प्राप्त किए, उक्त प्रार्थना पत्र दाखिल नहीं किया जा सकता था। न्यायालय ने कहा कि जब ऐसी कोई याचिका लम्बित ही नहीं है तो हाईकोर्ट से अनुमति प्राप्त ही नहीं की जा सकती। न्यायालय ने एमपी–एमएलए कोर्ट को पुनर्विचार के आदेश दिए हैं।

# पुरस्कार पाकर मेधावियों के खिले चेहरे

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)श्री राम जानकी बालिका इण्टर कॉलेज रामनगर अमावासूफी अयोध्या में 2022 की परीक्षा में उत्तीर्ण करने वाले छात्रध छात्राओं को प्रबंधक अवधेश शुक्ल, प्रधानाचार्या श्रीमती मीरा मिश्रा व उपप्रधानाचार्या श्रीमती रंजना सिंह ने मेधावियों को टिफिन व धाड़ी वितरित किया। साथ–साथ कक्षा 01 से 12 तक के सभी छात्रध्छात्राओं को बैग व अन्य सहायक सामग्री का भी वितरण किया। उपहार पाकर छात्रध्छात्राएं खुशी से झूम उठे।प्रबंधक श्री शुक्ल ने सभी बच्चों के प्रति आभार व शुभकामना व्यक्त की।इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी व मीडिया के लोग उपस्थित रहे। पुरस्कार पाकर मेधावियों के चेहरे खिल उठे, श्री राम जानकी इण्टर कालेज राम नगर अमावासूफी अयोध्या में 2022की परीक्षा में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण करने वाले छात्रध्छात्राओं को प्रबंधक डॉ अवधेश कुमार शुक्ल प्रध ाानाचार्य श्री महेश कुमार शुक्ल ने मेधावियों को टिफिन व घड़ी वितरित किया,जिसके साथ एक से बारह तक सभी छात्रध्छात्राओं को बैग व अन्य सामाग्री उपहार के तौर पर दी गयी ।पुरस्कार व उपहार पाकर छात्रध्छात्रा खुशी से खिल उठे,प्रबंधक श्री शुक्ल ने बच्चों के प्रति आभार व शुभकामना व्यक्त किया ।इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी तथा मीडिया के लोग उपस्थित रहे ।


सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से में0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com



उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।